फाल्गुन कृष्णा - 14 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 224 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शनिवार » 09-03-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 सरकार जनजातीय कल्याण के लिए नई प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करेगी : मुंडा

6 रिश्वतखोरों को नहीं मिलेगा संसदीय विशेषाधिकार का लाभ

7 शुरू हो रही है 'भूल भुलैया-3' की शूटिंग, विद्या बालन के साथ नजर आएंगी माधुरी






| BSE | NSE |
|---|---|
| 74,119.39 | 22,493.55 |
| (+33.40) | (+19.50) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,599 रु. | 74,175 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

## मौकापरस्त राजनीति

कब किसका कैसे लगे दाँव,
इस तिकड़म में शामिल समस्त।
ना वादों का कोई मतलब,
लालच में सारे किले ध्वस्त।
जय लोकतंत्र की बलिहारी,
जिसमें नेतागण सदा मस्त।
सत्तागामी है राजनीति,
जिसमें सारे मौकापरस्त।।

# कांग्रेस ने जारी की 39 उम्मीदवारों की पहली सूची

## केरल की वायनाड सीट से फिर प्रत्याशी होंगे राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, जिसमें पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेताओ के नाम शामिल हैं। राहुल गांधी एक बार फिर केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़, केरल और कई अन्य राज्यों की 39 सीट के लिये उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई थी। राहुल गांधी के अलावा इस सूची में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर समेत कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। वेणुगोपाल केरल की अलप्पुझा, थरूर तिरुवनंतपुरम और बघेल छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से चुनाव लड़ेंगे।

वेणुगोपाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 'चुनावी मोड' में है। इस मौके पर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा भी मौजूद थे। माकन ने कहा कि यह सूची युवाओं और अनुभवी नेताओं का शानदार मिश्रण है। ऐसी अटकलें हैं कि राहुल गांधी एक बार फिर अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं।

# आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को प्रौद्योगिकी के अलग-अलग माध्यमों से विभिन्न प्रकार की सामग्री सृजन करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स) से 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' शुरू करने और भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर दुनिया के साथ कहानियों को साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने यहां भारत मंडपम में प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कहा, आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें।

'ग्रीन चैंपियन' श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया। गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता पुरस्कार कामिया जानी को दिया गया। मोदी ने कहा कि लोग उनसे उनकी सफलता का राज पूछते हैं, लेकिन वह हर किसी को जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने कहा, क्या कोई रेस्तरां मालिक आपको अपनी रसोई दिखाएगा? ईश्वर की कृपा है, मैं समय से पहले समय को भांप सकता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि भविष्य में इन पुरस्कारों का महत्वपूर्ण स्थान होगा। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स को देश के डिजिटल एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया और कहा कि वे 'वोकल फॉर लोकल' के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। उन्होंने कहा, आइए, हम सब मिलकर 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत करें।

## 100 रुपए सिलेंडर पर छूट की घोषणा

**नई दिल्ली/भाषा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार को रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की कटौती की और समाज सेवी सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने जैसी कुछ प्रमुख घोषणाएं की गईं जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनकी सरकार के कई उपायों ने महिलाओं को कैसे सशक्त बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की कटौती की घोषणा से नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा।

जय भिक्षु        अर्हम्        महाश्रमण



युगप्रधान शान्तिदूत आचार्य श्री महाश्रमणजी की महत्ती अनुकम्पा से
तेरापंथ भवन गांधीनगर
नवीनीकरण
उद्घाटन व अभिनन्दन समारोह



दिनांक
10-03-2024, रविवार
समय
प्रातः 9.15 बजे

स्थल
तेरापंथ भवन
गाँधीनगर
बेंगलोर

मुख्य अतिथि : श्री लहरसिंहजी सिरोहिया
सांसद-राज्य सभा

विशेष अतिथि : श्री केसारामजी चौधरी
विधायक, मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र

अध्यक्षता : श्री प्रकाश बाबेल
अध्यक्ष तेरापंथ ट्रस्ट

| | |
|---|---|
| लिफ्ट अनुदानकर्ता | श्री मुरारीलाल सरावगी - मै. प्राईड बिल्डर्स, श्री बिहारीलाल जैन चेरीटेबल ट्रस्ट (राजगढ़-कोलकता-बेंगलोर) |
| महाश्रमण हाल 5वाँ तल्ला के अनुदानकर्ता | श्री नरपतसिंह सुनिलकुमार राहुल प्रशांतकुमार चोरड़िया परिवार (सुजानगढ़ - बेंगलूरु) |
| लिफ्ट अनुदानकर्ता | श्री मूलचन्द मुकेशकुमार विकासकुमार पुनीत चिराग नाहर परिवार (जाणुन्दा-बेंगलोर) |

✻ आयोजक : श्री जैन श्वे. तेरापंथ ट्रस्ट, गांधीनगर, बेंगलोर

अध्यक्ष : प्रकाशचन्द बाबेल    संयोजक : गौतमचन्द मुथा    मंत्री : गौतमचन्द डोसी

✻ सहयोगी संस्थाऐं : श्री जैन श्वे. तेरापंथ सभा, तेरापंथ युवक परिषद्, तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समिति एवं ज्ञानशाला, बेंगलोर

SHRI JAIN SWETAMBAR TERAPANTH TRUST HONORABLE TRUSTEES

- SRI ABHAY KUMAR KOTHARI
- SRI AMAR CHHAJER
- SRI AMIT NAHATA
- SRI AMOLAKCHAND M. GADIYA
- SRI AMRUTHLAL BHANSALI
- SRI ASHOK SURANA
- SRI BABULAL BAFNA
- SRI BABULAL PORWAL
- SRI BADRILAL PITALIYA
- SRI BAHAADUR SETHIA
- SRI BALWANT KUMAR PIPADA
- SRI BANSILAL PITALIYA
- SRI BHARAT SETHIA
- SRI BHARATH KUMAR SIROHIYA
- SRI BHUPENDRA KUMAR MUTHA
- SRI BIMAL SAMSUKHA
- SRI C.L. NAHAR
- SRI CHANDMAL HIRAN
- SRI CHIMANLAL BUCHA
- SRI DHARAMICHAND DHOKA
- SRI DILIP KUMAR MALOO
- SRI DINESH KUMAR SINGHI
- SRI GOUTAMCHAND DOSHI
- SRI GOUTAMCHAND B. MUTHA
- SRI GOUTHAM GHORAWAT
- SRI GULABCHAND DAGA
- SRI HASTIMAL HIRAN
- SRI HEMANT MALOO
- SRI HEMRAJ SAMSUKHA
- SRI JAGADISHCHANDRA GILUNDIYA
- SRI JUGRAJ SOLANKI
- SRI KAILASH BORANA
- SRI KAMALSINGH HIRAWAT
- SRI KAMLESH DUNGARWAL
- SRI KANHAIYALAL CHIPPAD
- SRI KANHAIYALAL GANNA
- SRI KANHAIYALAL GIRIA
- SRI KANHAIYALAL KHATER
- SRI KANTILAL TATER
- SRI KEWALCHAND CHHAJER
- SRI LALIT MANDOT
- SRI LAXMIPAT DUDHERIA
- SRI MADANLAL SETHIA
- SRI MAHAVEERCHAND KHABIYA
- SRI MAHENDRA DAK
- SRI MANAKCHAND SANCHETI
- SRI MANIKCHAND G. BALDOTA
- SRI MANIKCHAND MUTHA
- SRI MANISH CHHAJER
- SRI MOHANLAL BHARASARIYA
- SRI MOOLCHAND NAHAR
- SRI MUKESH NAHAR
- SRI MURARILAL SARAOGI
- SRI NARPATSINGH CHORARIA
- SRI NAVRATANMAL GADIYA
- SRI PARASMAL BHANSALI
- SRI PAWAN KUMAR CHOPRA
- SRI PRADEEP HIRAWAT
- SRI PRAKASHCHAND BABEL
- SRI PRAKASHCHAND BOLIYA
- SRI PRAKASHCHAND KATARIYA
- SRI PRAKASHCHAND KUNDALIYA
- SRI PRAKASHCHAND LODHA
- SRI PRAMODHKSUNDESHA MUTHA
- SRI PRAMOD D. NAHAR
- SRI PRAVEEN KUMAR MEHTA
- SRI PREMCHAND HIRAN
- SRI PUKHRAJ SRISRIMAL
- SRI RAICHAND SETHIA
- SRI RAJENDRA RAKHECHA
- SRI RAJKUMAR KOTECHA
- SRI RAJMAL DAK
- SRI RAMESH KUMAR S. GILUNDIYA
- SRI RAMESHCHAND B. DAK
- SRI RANJEET KUMAR BOTHRA
- SRI RAVINDRA KUMAR NAHATA
- SRI RISHABH DUDHERIA
- SRI SATISH KUMAR JAIN
- SRI SHANTILAL DAK
- SRI SHANTILAL PITALIYA
- SRI SOHANLAL MANDOT
- SRI SUBHASHCHAND BOHRA
- SRI SUNIL KUMAR BAID
- SRI SURESHCHANDRA DAK
- SRI SURPAT SINGH CHOURARIA
- SRI SUSHIL CHORARIA
- SRI UDAYLAL KATARIYA
- SRI UMAID SINGH GOLCHHA
- SRI UMED SINGH PATAWARI
- SRI UTTAMCHAND SIROHIYA
- SRI VARADHICHAND CHAWAT
- SRI VIMAL KISHORE PITALIYA
- SRI VIMAL KUMAR PITALIYA

कार्यक्रम के पश्चात भोजन ग्रहण कर हमारा आतिथ्य स्वीकार करें।



# नक्सली हिंसा छोड़ें, राज्य सरकार बातचीत के लिए है तैयार : मुख्यमंत्री साय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दंतेवाड़ा/भाषा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की और आश्वासन दिया कि उनकी सरकार उनके साथ बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर नक्सली बातचीत के लिए तैयार हैं तो उनकी सरकार उनकी हर जायज मांग को पूरा करेगी।

साय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य के दंतेवाड़ा जिले के जवांगा एजुकेशन हब में नक्सल विरोधी अभियानों में लगी राज्य पुलिस की सभी इकाइयों – जिला रिजर्व गार्ड(डीआरजी), बस्तर फाइटर्स और दंतेश्वरी फाइटर्स की महिला कर्मियों के साथ बातचीत कर रहे थे। बातचीत के दौरान नारायणपुर में तैनात महिला डीआरजी कमांडो सुमित्रा साहू ने नक्सली होने के दौरान अपने साथ हुई तकलीफों को साझा किया।

14 साल तक नक्सली के रूप में सक्रिय रहीं साहू ने 2018 में संगठन छोड़ दिया और फिर पुलिस में शामिल हो गईं। साय ने कहा कि वह साहू की वीरता को सलाम करते हैं। मैं अपने स्थानीय लोगों, जो नक्सली हैं, से कहना चाहूंगा कि वह नक्सलवाद छोड़ दें। उन्हें आम आदमी की तरह रहना चाहिए और बातचीत करनी चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि उन्हें सरकार से क्या समस्या है, उनकी हर जायज मांग को छत्तीसगढ़ सरकार पूरा करेगी'' उन्होंने कहा, मैं भी एक आदिवासी समुदाय और गांव से हूं और इसलिए मैं आदिवासियों और गांवों का दर्द समझता हूं। उन्हें बिना बहकावे में आकर हमसे संवाद करना चाहिए। उन्हें अपनी मांगों पर बातचीत करनी चाहिए..आज, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं उनसे विकास की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील करना चाहता हूं और (हम) बातचीत के लिए तैयार हैं।


## लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर पहले की ही तरह 7.1 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा।

वित्त मंत्रालय ने इस संदर्भ में शुक्रवार को अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के लिए अधिसूचित दरों के समान होंगी। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा राशि पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज 7.1 प्रतिशत मिलेगा। पीपीएफ और बचत जमा पर भी ब्याज दरें क्रमश: 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र पर ब्याज दर एक अप्रैल से 30 जून, 2024 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत होगी।

# महाराष्ट्र में सिर्फ विपक्ष ही नहीं, सत्तारूढ़ सहयोगियों को भी धमकाया जा रहा है : सुप्रिया सुले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए दावा किया कि राज्य में न केवल विपक्ष के लोगों को बल्कि सत्ता में साझेदार लोगों को भी धमकाया जा रहा है। वह पुणे में संवाददाताओं से बात कर रही थीं।

सुले से शरद पवार के आरोप पर उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया था। शरद पवार ने यह आरोप लगाया था कि राकांपा विधायक सुनील शेल्के ने राकांपा (एसपी) के नेताओं को धमकी दी थी। इस पर फडणवीस ने पवार की टिप्पणियों को धमकी मानते हुए कहा था कि 'पवार साहब जैसे बड़े नेता' द्वारा इस तरह के बयान से उनका कद कम हो जाता है। सुले ने इस पर जवाब देते हुए कहा, कद समाज तय करता है, कोई व्यक्ति नहीं। यदि गृह मंत्री के रूप में देवेंद्र जी ने अच्छा काम किया होता तो पवार साहेब को अपने विचार व्यक्त करने की कोई आवश्यकता नहीं होती।

पुणे जिले के इंदापुर से भाजपा नेता हर्षवर्धन पाटिल का हवाला देते हुए सुले ने कहा, वह इंदापुर के ही नहीं बल्कि राज्य के एक प्रमुख नेता हैं, लेकिन उन्होंने देवेंद्र जी को लिखे पत्र में गठबंधन सहयोगियों से मिल रही धमकियों पर चिंता जाहिर की थी। यह गृह मंत्रालय की विफलता को दर्शाता है। पाटिल ने फडणवीस को लिखे पत्र में यह आरोप लगाया था कि 'गठबंधन सहयोगियों' के कुछ पदाधिकारियों ने उनके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था और वहां स्वतंत्र रूप से नहीं घूमने देने की धमकी दी थी।

# प्रधानमंत्री पर व्यक्तिगत टिप्पणियां विपक्ष पर उलटी पड़ रही हैं : उमर अब्दुल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को यहा कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर व्यक्तिगत हमले विपक्ष पर उलटे पड़ रहे हैं और उनके परिवार को लेकर टीका-टिप्पणियां भी नुकसानदेह साबित हो रही हैं।

उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री का कोई परिवार नहीं होने संबंधी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की टिप्पणी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यह बयान दिया। उमर अब्दुल्ला की पार्टी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऐसी चीजें उल्टी पड़ती हैं जैसा कि पिछले चुनाव में ''चौकीदार चोर है'' नारे के साथ हुआ था। उन्होंने कहा, मैं कभी ऐसे नारों के पक्ष में नहीं रहता और न ही उनसे हमें फायदा मिलता है। बल्कि जब भी हम ऐसे नारों का इस्तेमाल करते हैं तो इनका प्रतिकूल असर पड़ता है, इससे हमें नुकसान होता है। मतदाता ऐसे नारों से संतुष्ट नहीं होता, वह जानना चाहता है कि आज उसके समक्ष मौजूद मुद्दों से कैसे निपटा जाएगा। अब्दुल्ला ने कहा, वह (मतदाता) रोजगार सृजन, कृषि संकट से निपटने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के बारे में जानना चाहता है। वह इन चीजों के बारे में सुनना चाहता है न कि किसी का परिवार है या नहीं। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे नारों से विपक्ष को ही नुकसान होता है। उन्होंने कहा, अब, हमने उन्हें (मोदी) पूरा मौका दे दिया है और उन्होंने यह कहकर इस मौके का फायदा उठाया कि मोदी का परिवार वे लोग हैं जिनका कोई नहीं है। हमारे पास अभी तक इसका कोई जवाब नहीं है। अब्दुल्ला ने कहा, मैं बस यह कहूंगा कि हमें ऐसी निजी राजनीति नहीं करनी चाहिए बल्कि जनता के मुद्दे उठाने चाहिए। चौकीदार, अडाणी-अंबानी, राफेल, परिवार...ये चीजें काम नहीं आती हैं। नेकां के आगामी लोकसभा चुनाव में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के लिए घाटी में कोई सीट न छोड़ने और इसका 'इंडिया' गठबंधन पर असर से जुड़े एक सवाल पर अब्दुल्ला ने कहा कि स्थिति को देखते हुए पीडीपी के लिए कोई सीट नहीं छोड़ी गई है।

# आयकर अधिकरण ने 210 करोड़ रुपए के जुर्माने के खिलाफ कांग्रेस की अपील को खारिज किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आयकर अपीलीय अधिकरण ने पिछले वर्षों के 'टैक्स रिटर्न' में विसंगतियों के लिए जुर्माना लगाने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की अपील को शुक्रवार को खारिज कर दिया। पार्टी ने कहा कि वह सभी कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है और बहुत जल्द इसके खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख करेगी। सूत्रों ने बताया कि अधिकरण ने शुक्रवार को यहां आयकर विभाग द्वारा 210 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाए जाने के खिलाफ कांग्रेस की अपील खारिज कर दी।

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि पार्टी सभी कानूनी विकल्प तलाश रही है और ''बहुत जल्द'' उच्च न्यायालय का रुख करेगी। माकन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, भाजपा सरकार ने जानबूझकर यह समय चुना जब आम चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कोष पर रोक लगाने का आदेश ''लोकतंत्र पर हमला'' है क्योंकि यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आया है। उनका कहना था, ऐसी स्थिति में कोई निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद कैसे कर सकता है जब आयकर अधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी के खातों से 270 करोड़ रुपए की धनराशि जब्त कर ली है या निकाल ली है। आदेश की पुष्टि करते हुए कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेक तन्खा ने कहा कि अधिकरण ने इस संबंध में पिछले उदाहरणों का भी अनुसरण नहीं किया है और पार्टी जल्द ही उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। तन्खा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हम आयकर अपीलीय अधिकरण के आदेश से निराश हैं। हम जल्द ही उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। उन्होंने 20 प्रतिशत जुर्माने के भुगतान पर राहत देने में अपने पिछली परिपाटियों का पालन नहीं किया और वह भी एक राष्ट्रीय पार्टी के संदर्भ में जोकि लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही है। आयकर विभाग ने पिछले दिनों 210 करोड़ रुपए की रिकवरी की मांग का हवाला देते हुए कांग्रेस के प्रमुख खाते 'फ्रीज' कर दिए थे। हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगली सुनवाई होने तक खातों पर रोक हटा दी थी। मामले में तन्खा ने बतौर अधिवक्ता कांग्रेस की पैरवी की। कांग्रेस ने पिछले महीने केंद्र की भाजपा सरकार पर आर्थिक आतंकवाद'' शुरू करने का आरोप लगाया था और दावा किया था कि उसके खातों से 65 करोड़ रु. से अधिक की राशि ''डाका डालकर'' निकाल ली गई, ताकि लोकसभा चुनाव से पहले उसे आर्थिक रूप से अपंग बनाया जा सके।

# एफटीए पर घरेलू उद्योग के दीर्घकालिक लाभों पर सरकार का ध्यान : गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत करते हुए हमेशा घरेलू उद्योगों के आनुपातिक और दीर्घकालिक लाभों को ध्यान में रखती है। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि वे दिन चले गए जब भारत दुनिया की शर्तों को स्वीकार करता था।

गोयल ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य पर नजर रखते हैं कि भविष्य में भी एफटीए का प्रभाव सकारात्मक होगा। हमारा ध्यान संतुलित, निष्पक्ष और न्यायसंगत एफटीए पर होता है। उन्होंने कहा, हमारी तरफ से पेश किए जा रहे बड़े भारतीय अवसर को देखा जा सकता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमें (इन समझौतों से) देश के लिए आनुपातिक लाभ मिले। उन्होंने आने वाले दिनों में इस मोर्चे पर 'कुछ अच्छी खबरें' आने का संकेत भी दिया। यह टिप्पणी इस लिहाज से अहम है कि भारत की यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) समूह के साथ एफटीए पर वार्ता पूरी हो चुकी है। ईएफटीए में आइसलैंड, लीशटेंसटाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। इसके अलावा भारत मुक्त व्यापार समझौते को लेकर ब्रिटेन और ओमान के साथ भी कई दौर की बातचीत कर चुका है। गोयल ने कहा कि मोदी सरकार के समय किए जाने वाले मुक्त व्यापार समझौतों में उद्योग के साथ बड़ी मात्रा में हितधारकों का परामर्श भी शामिल होता है। समझौते से जुड़ा हरेक मंत्रालय यह सुनिश्चित करता है कि सरकार देश के दीर्घकालिक हितों की रक्षा करे।

# विदेशी मुद्रा भंडार 6.55 अरब डॉलर उछलकर 625.63 अरब डॉलर पर

**मुंबई/भाषा।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक मार्च को समाप्त सप्ताह में 6.55 अरब डॉलर बढ़कर 625.63 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619.07 अरब डॉलर रहा था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की गिरावट को रोकने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया जिससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, एक मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.04 अरब डॉलर बढ़कर 554.23 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 56.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.42 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.18 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के मुताबिक समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास भारत की आरक्षित जमा भी 4.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.79 अरब डॉलर रहा।




# सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र पर 'डाटाबेस' शुरू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी जानकारी को लेकर आंकड़ों की सूची (डाटाबेस) जारी की। यह कदम सहकारी क्षेत्र की दक्षता और प्रभावशीलता में योगदान देगा। शाह ने 'डाटाबेस' शुरू करते हुए कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

मंत्री ने कहा कि 'डाटाबेस' को विकसित करने में लगभग दो साल लग गए और अब कोई भी कंप्यूटर पर माउस के एक क्लिक के साथ सहकारी क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि 'डाटाबेस' की पेशकश, सहकारी क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय सहकारी 'डाटाबेस' एक वेब-आधारित डिजिटल डैशबोर्ड है जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य संघों सहित सहकारी समितियों के आंकड़ों को शामिल किया गया है।

राष्ट्रीय 'डाटाबेस' के तहत देश के विभिन्न क्षेत्रों में फैली 29 करोड़ से अधिक की सामूहिक सदस्यता वाली आठ लाख सहकारी समितियों के बारे में जानकारी एकत्र की गई है। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय सहकारी 'डाटाबेस' केंद्रीय मंत्रालय, राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों और सहकारी समितियों के बीच कुशल संचार के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में कार्य करता है। इससे सहकारी क्षेत्र के सभी अंशधारकों को लाभ होता है।

# जम्मू-कश्मीर में राजमार्ग परियोजनाओं के लिए 2,094 करोड़ रुपए मंजूर



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि उनके मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण और मजबूती के लिए 2,093.92 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। गडकरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 701 के रफियाबाद-कुपवाड़ा-चौकीबल-तंगधार-चामकोट खंड के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए 1,404.9 करोड़ रुपए के आवंटन को मंजूरी दी गई है।

उन्होंने कहा कि पहले पैकेज के तहत ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) माध्यम से बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में बीकन परियोजना के तहत क्रियान्वित इस पहल का उद्देश्य 51 किलोमीटर मार्ग को दो लेन में बदलना है। एसडीए पार्किंग (जबरवान पार्क के पास) से शंकराचार्य मंदिर तक रोपवे के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए 126.58 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। गडकरी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-244 के नाशरी-चेन्नई खंड के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण के लिए 562.40 करोड़ रुपए के आवंटन को मंजूरी दी गई है। गडकरी ने यह भी कहा कि मंत्रालय ने गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के उन्नयन के लिए 1,532.97 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। सड़क परिवहन मंत्रालय ने झारखंड के जमशेदपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 33 (नया-18) के कालीमंदिर-डिमना चौक-बालीगुमा खंड पर 10 किमी लंबे चार-लेन एलिवेटेड गलियारे के निर्माण के लिए भी 936.26 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

## देश के 500 आकांक्षी ब्लॉक में नौ मार्च को शुरू होगा न्याय सहायक कार्यक्रम

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय कानून मंत्रालय शनिवार को राजस्थान के बीकानेर में 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान' अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल और प्रधान न्यायधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ भी हिस्सा लेंगे। कानून मंत्रालय ने एक बयान में जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक इसी कार्यक्रम के दौरान देश के 500 आकांक्षी ब्लॉक में न्याय सहायक कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी।

न्याय सहायक आकांक्षी ब्लॉक और जिलों में न्याय विभाग की कानूनी सेवाओं और समाधानों के प्रति घर-घर जागरूकता पैदा करने के लिए समुदाय-आधारित दूत के रूप में कार्य करेंगे। कानून मंत्री मेघवाल के संसदीय क्षेत्र बीकानेर में यह कार्यक्रम हाल ही में शुरू किए गए 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान' अभियान के हिस्से के रूप में आयोजित किया जा रहा है। अभियान की शुरुआत में पूरे वर्ष नियमित अंतराल पर क्षेत्रीय अथवा राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया था।

# पर्यटन क्षेत्र में 2.5 करोड़ नौकरियां सृजित करने की क्षमता : कांत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि पर्यटन क्षेत्र में आने वाले वर्षों में 2.5 करोड़ नौकरियां सृजित करने की क्षमता है। साथ ही यह क्षेत्र कार्बन उत्सर्जन में कटौती की अगुवाई करने का भी एक अनूठा अवसर उपलब्ध कराता है।

कांत ने यहां होटल एवं रेस्तरां क्षेत्र के निकाय 'फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (एफएचआरएआई) के एक सम्मेलन में कहा, जैसे-जैसे भारत टिकाऊ वृद्धि की दिशा में बढ़ रहा है, यह स्पष्ट है कि पर्यटन हमारे भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने 'ट्रैवल फॉर लाइफ-टूरिज्म सस्टेनेबिलिटी' विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहा, इस क्षेत्र में आने वाले वर्षों में 2.5 करोड़ नई नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। पर्यटन न केवल आर्थिक समृद्धि लाता है बल्कि भारत के लिए कार्बन उत्सर्जन में कटौती की अगुवाई करने का एक अनूठा अवसर भी उपलब्ध कराता है।

पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मकसद पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले सैलानियों और पर्यटन कारोबार के मामले में कुशल गतिविधियों को बढ़ावा देना है। नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कांत ने कहा, हमारी प्रति व्यक्ति खपत कम होने के बावजूद, हमें ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की उभरती चुनौती का सक्रिय रूप से समाधान करना चाहिए। कार्बन उत्सर्जन में कमी को लेकर भारत की प्रतिबद्धता न केवल जरूरी है बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और अधिक मजबूत भविष्य बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

# मप्र को भारतीय ज्ञान परंपरा की पीठ के रूप में विकसित करेगी सरकार : प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंदौर/भाषा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार मध्यप्रदेश को भारतीय ज्ञान परंपरा की पीठ के रूप में विकसित करने की योजना पर काम कर रही है और इंदौर-उज्जैन गलियारा इसकी अगुवाई करेगा। प्रधान ने इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता अनुभवात्मक विद्यार्जन केंद्र के तहत उज्जैन में तीन अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंस से उद्घाटन किया।

आईआईटी इंदौर का एक अन्य परिसर उज्जैन में प्रस्तावित है और यह केंद्र इस परिसर का हिस्सा होगा। शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा, हमें 21वीं सदी में मध्यप्रदेश को भारतीय ज्ञान परंपरा की पीठ बनाना है। इंदौर-उज्जैन गलियारा इस पीठ की अगुवाई करेगा। उन्होंने आईआईटी इंदौर प्रशासन को निर्देश दिया कि वह आजीविका, जल प्रबंधन, लॉजिस्टिक्स (माल के परिवहन एवं आपूर्ति का काम), टिकाऊ विकास और लोगों के जीवन की गुणवत्ता जैसे पहलुओं का स्थानीय स्तर पर अध्ययन करे और सूबे को भारतीय ज्ञान परंपरा की पीठ बनाने की योजना का खाका तीन महीने के भीतर तैयार करे। उज्जैन में आयोजित उद्घाटन समारोह में मौजूद सूबे के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा, उज्जैन की मूल पहचान धार्मिक नगरी के रूप में है। हम चाहते हैं कि विज्ञान की नगरी के रूप में भी दुनियाभर में उज्जैन की पहचान स्थापित हो। आईआईटी इंदौर के केंद्र के उद्घाटन से आज इस दिशा में अहम शुरुआत हो गई है।

आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास जोशी कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शामिल हुए। उन्होंने बताया कि आईआईटी इंदौर के उज्जैन में प्रस्तावित परिसर की शुरुआत के लिए अलग-अलग मंजूरियां ली जा रही हैं।

जोशी ने बताया कि आईआईटी इंदौर की ओर से विकसित कई तकनीक को उज्जैन स्थित परिसर में विशेषज्ञों और उद्योगपतियों के मार्गदर्शन में उन्नत बनाया जाएगा ताकि इन तकनीक के बूते समाज के लिए उपयोगी उत्पाद तैयार किए जा सकें।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
PURVA BLUE BELLE
Adjacent to Magadi Road Metro Station
(Purple lane) Rajajinagar
3 Bedroom Jodi units
5 Bedroom + Servant room with all
Luxurious Amenities.
Direct metro from here to ITPL (white field) /
KR PURAM/ BYYAPPANAHALLI .
Very good Convenience
those who are working above areas.
Only few units left for Sale.
Contact Owner: 9844027560

# फसल की नकली कीटनाशक दवाओं पर रोक लगाने की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कृषक संगठन राष्ट्रीय किसान प्रगतिशील संघ ने फसलों की नकली कीटनाशक दवाओं पर रोक लगाने की मांग की है। उसका कहना है कि इसके कारण देश में प्रति एकड़ उत्पादकता अनेक विकसित और विकासशील देशों से काफी कम है।

राष्ट्रीय किसान प्रगतिशील संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिनोद आनंद ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, वर्ष 1950 से भारत की कृषि उत्पादकता छह गुना से ज्यादा बढ़ चुकी है, जो सराहनीय है लेकिन दुर्भाग्यवश, प्रति एकड़ उपज कई विकसित और विकासशील देशों से काफी कम है। उन्होंने किसानों के साथ छल करने वाले नकली दवा या कीटनाशक बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि 30 प्रतिशत से ज्यादा कृषि योग्य भूमि और चीन से 67 प्रतिशत ज्यादा वर्षा होने के बावजूद भारत की कृषि जीडीपी चीन की एक तिहाई है। आनंद ने कहा कि इस कम उपज का एक मुख्य कारण घटिया किस्म के कृषि-रसायनों सहित खराब गुणवत्ता वाले कच्चे माल का इस्तेमाल है। उन्होंने कहा कि नकली कीटनाशक बाजार एक सामानांतर उद्योग बन चुका है। ये किसानों की आजीविका, उपज, फसल गुणवत्ता, आय और व्यापक तौर पर भारतीय अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचा रहे हैं।



बेंगलूरु में शुक्रवार को मुख्यमंत्री के गृह कार्यालय 'कृष्णा' में राज्य उच्च स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के नेतृत्व में हुई जिसमें उद्योग मंत्री एमबी पाटिल, ग्रामीण विकास मंत्री प्रियंका खरगे आदि उपस्थित थे।

■ 63वीं एसएचएलसीसी बैठक

■ 17,835.9 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई

# निवेश से राज्य में 27 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया की अध्यक्षता में 63वीं राज्य उच्च-स्तरीय मंजूरी समिति (एसएचएलसीसी) ने शुक्रवार को राज्य भर में 17,835.9 करोड़ रुपये की छह नई परियोजनाओं और आठ अतिरिक्त निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी, जिसमें 27,000 नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। एसएचएलसीसी को 8,220.05 करोड़ रुपये की छह नई परियोजनाओं और 9,615.85 करोड़ रुपये की आठ अतिरिक्त निवेश परियोजनाओं के लिए मंजूरी मिली।

एसएचएलसीसी की 63वीं बैठक मुख्यमंत्री के गृह कार्यालय 'कृष्णा' में आयोजित की गई। एसएचएलसीसी ने राज्य में 2,095 करोड़ रुपये के निवेश और 21,723 लोगों को रोजगार प्रदान करने के विस्ट्रॉन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

सरकार की हरी झंडी पाने वाले अन्य प्रमुख प्रस्ताव हैं एयर इंडिया लिमिटेड (1,750 करोड़ निवेश), एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (1,352.3 करोड़ निवेश), इंडियन केन पावर लिमिटेड (1,078 करोड़ निवेश), आईसीटी सेवा प्रबंधन समाधान (भारत) प्राइवेट लिमिटेड (1,450 करोड़ निवेश)। उत्तर कर्नाटक के विजयपुरा, कलबुर्गी, बल्लारी और बेलगावी जिले 10,433.72 करोड़ रुपये के नए और अतिरिक्त निवेश को आकर्षित करेंगे।

बड़े और मध्यम उद्योग और बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एमबी पाटिल, आईटी/बीटी मंत्री प्रियांक खरगे, सरकार के मुख्य सचिव डॉ. रजनीश गोयल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव एलके अतीक, अतिरिक्त मुख्य सचिव और एसएचएलसीसी की बैठक में भाग लेने वालों में विकास आयुक्त डॉ. शालिनी रजनीश, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के प्रधान सचिव डॉ. एस सेल्वाकुमार, औद्योगिक विकास आयुक्त और उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के निदेशक गुंजन कृष्णा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

# नाबालिग लड़की से रेप के मामले में पुजारी और उसका सहयोगी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक पुलिस ने नाबालिक लड़की के साथ यौन शोषण मामले में कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में एक मठ के पुजारीऔर उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी कुनिगल तालुक गांव में स्थित सुप्रसिद्ध मठ का मठाधीश है। पुजारी पर आरोप है कि उसने मठ परिसर के अंदर नाबालिग लड़की का यौन शोषण किया।

सूत्रों के मुताबिक, तुमकुरु साइबर पुलिस स्टेशन में अपने खिलाफ दर्ज हुई शिकायत के बाद आरोपियों ने भी काउंटर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि पुजारी ने त्वचा रोग के उपचार कराने के लिए कपड़े उतारे थे, इस बीच कुछ लोगों ने उसका वीडियो बना लिया और उस पर यौन शोषण का आरोप लगा दिया। पुजारी ने अपनी शिकायत में 6 लोगों पर वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस जांच में सामने आया है कि नाबालिग लड़की का पुजारी ने यौन शोषण किया, जिसके बाद आरोपी को पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।



# महिलाएं जन्म से ही नेतृत्व की भूमिका में रहती हैं : उपराष्ट्रपति धनखड़

## धनखड़ ने लैंगिक विविधता की संस्कृति के लिए की इसरो की सराहना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सभी प्रयासों में लैंगिक विविधता की संस्कृति और निर्णय लेने की प्रक्रिया में समावेशिता के लिए शुक्रवार को इसकी सराहना की।

श्री धनखड़ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यहां यूआर राव सैटेलाइट सेंटर से इसरो समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, मुझे, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर, इसरो के सभी प्रयासों में लैंगिक विविधता की संस्कृति और निर्णय लेने की प्रक्रिया में समावेशिता के लिए इसकी सराहना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में लगभग 20 प्रतिशत महिलाएं हैं, और 500 से अधिक महिला कर्मचारी केंद्र का नेतृत्व करने सहित प्रबंधकीय और प्रशासनिक क्षेत्रों में विभिन्न स्तरों पर नेतृत्व की भूमिका में हैं।

उप राष्ट्रपति ने कहा, मैं थोड़ा विषयांतर करता हूं। एक महिला हमेशा नेतृत्व की भूमिका में होती है, जन्म से ही! भारत की रॉकेट वुमन हमें आकाश और उससे भी आगे तक ले जा रही हैं। उन्होंने अपने लिए और पहले से निर्धारित मानकों से आगे जाकर हमारी प्रगति के लिए सभी सीमाएं लांघ दी हैं।

धनखड़ ने कहा कि अगले 10 वर्ष में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत के योगदान में लगभग पांच गुना वृद्धि होने की संभावना है। इसरो ने खुद को भारत की वैश्विक कूटनीति और सॉफ्ट पावर को बढ़ाने में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में भी स्थापित किया है।

उन्होंने कहा,मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि 2047 में भारत न केवल एक विकसित राष्ट्र होगा बल्कि एक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति होगा।

# महिला दिवस पर राज्यसभा के लिए मनोनयन दोगुना अचंभित करने वाला : सुधा मूर्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। समाज सेविका और लेखिका सुधा मूर्ति ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत करने का फैसला दोगुना अचंभित करने वाला है, क्योंकि यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन की गई है। इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष सुधा मूर्ति ने कहा कि उन्होंने



कभी किसी पद की लालसा नहीं की और उन्हें कोई जानकारी नहीं है' कि सरकार ने उन्हें संसद के उच्च सदन के लिए क्यों मनोनीत किया है। इंफोसिस फाउंडेशन सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस की कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत किए जाने वाले काम को क्रियान्वित करने की इकाई है। सुधा मूर्ति ने कहा, ''इसकी घोषणा महिला दिवस के दिन की गई है, यह दोगुना अचंभित करने वाला फैसला है। मैं प्रधानमंत्री की आभारी हूं।'' इंफोसिस के सह संस्थापक एन आर नारायणमूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति इस समय थाईलैंड की यात्रा पर हैं और 'पीटीआई-भाषा' से फोन पर बातचीत में उन्होंने यह प्रतिक्रिया दी।

# आखिर क्यों कर्नाटक में उठी परमेश्वर को मुख्यमंत्री बनाने की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना ने गुरुवार को कहा कि सत्ता परिवर्तन की स्थिति में प्रदेश के गृह मंत्री जी परमेश्वर को मुख्यमंत्री की कमान सौंपी जाए। दलित मुख्यमंत्री की मांग करने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए।

पत्रकारों से बात करते हुए तुमकुरु में मंत्री ने कहा, अगर राज्य में मुख्यमंत्री पद को लेकर किसी भी प्रकार का फेरबदल होता है, तो एक दलित को मुख्यमंत्री की कमान सौंपी जाए। अधिकांश विधायकों का भी यही मत है। हालांकि, उन्होंने आगे यह भी कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को अपना कार्यकाल पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दलित मुख्यमंत्री की मांग पिछले कई दिनों से तेज हो गई है। इसका मतलब यह नहीं हो जाता है कि एकदम से ही किसी दलित को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंप दी जाए। अगर आज से हम दलित मुख्यमंत्री की मांग करेंगे, तो यह एक दिन जरूर होगा। उन्होंने कहा, यह हमारी इच्छा है कि राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर को मुख्यमंत्री बनाया



जाए। परमेश्वर इस पद के लिए योग्य हैं। चुनाव नजदीक आने वाला है, तो लाजिमी है कि अब हम इस मुद्दे को तेजी से उठाएंगे। वहीं, जब उनसे पूछा गया कि डिप्टी मुख्यमंत्री शिवकुमार के खिलाफ चल रहे मामले को ईडी द्वारा खारिज किए जाने के बाद अब एकाएक दलित की मुख्यमंत्री की मांग की जा रही है, तो इस पर उन्होंने कहा कि दलित मुख्यमंत्री की मांग आज से नहीं, बल्कि यह बहुत पुराना मुद्दा है। दलित मुख्यमंत्री की मांग डीके शिवकुमार के खिलाफ जारी मामले को ईडी द्वारा खारिज किए जाने के बाद ही नहीं की जा रही है, बल्कि यह बहुत पुराना मुद्दा है।

उन्होंने कहा, अब शिवकुमार को भी मुख्यमंत्री की कमान सौंपी जाए। हम यह नहीं कह रहे हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहिए। इससे पहले डॉ. एच.सी. महादेवप्पा ने भी दलित मुख्यमंत्री की मांग उठाई थी। उन्होंने यह भी कहा था कि किसी दूसरे को वोट देने से अच्छा है कि किसी दलित नेता को वोट दिया जाए, जिससे दलित समाज का उत्थान हो। हमें दलित नेता पर भरोसा जताना होगा, ताकि वो निकट भविष्य में मुख्यमंत्री के अलावा अन्य उच्च पदों पर भी आसीन हो सकें।

स्वागत



बेंगलूरु में शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ बेंगलूरु पहुंचे। उनका एचएएल हवाई अड्डे पर पहुंचने पर राज्यपाल थावरचन्द गहलोत ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वे यहां इसरो उपग्रह एकीकरण परीक्षण प्रतिष्ठानों (आईएसआईटीई) के दौरे पर पहुंचे थे।

# विकसित भारत के लिए जनभागीदारी जरूरी : अनुराग सिंह ठाकुर

## मंत्री ने बेंगलूरु में भारतीय राजदूतों को संबोधित किया

बेंगलूरु//दक्षिण भारत। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शहर के पंचतारा होटल में यूनिकॉर्न



संस्थापकों, कॉर्पोरेट बिल्डरों, डेवलपर्स सहित 50 प्रतिष्ठित भारतीय राजदूतों को संबोधित किया। मंत्री ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी के प्रयासों का आह्वान किया। स्वतंत्रता-पूर्व काल में, युवाओं में बलिदान का जुनून था। उन्होंने कहा, अब युवाओं को विकसित भारत के निर्माण के लिए 'योगदान' के प्रति उत्साहित होना चाहिए।

विकसित भारत के निर्माण में राजदूतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए ठाकुर ने कहा, आपने अपने क्षेत्रों में बहुत कुछ हासिल किया है। लोग आपकी ओर प्रशंसा की दृष्टि से देख रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर आप सोशल मीडिया पर अपने विचार व्यक्त करते हैं तो इसका बड़ा असर हो सकता है।

केद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और सक्षम नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, ''आज दुनिया भी हमारी ओर आशा भरी नजरों से देख रही है।'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें 2047 तक एक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य दिया है।



# वायुसेना परिवार कल्याण संघ (क्षेत्रीय) ने खेल महोत्सव का आयोजन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वायुसेना परिवार कल्याण संघ (क्षेत्रीय) द्वारा 22 फरवरी से 6 मार्च तक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन समारोह शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के भाग के रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर, मुख्यालय प्रशिक्षण कमान और बेंगलूरु क्षेत्र की अन्य वायुसेना इकाइयों की टीमों के बीच रोमांचक क्रिकेट मैच खेला गया। खेल प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मिशन- 'महिलाओं में निवेश करें: प्रगति में तेजी लाएं' के अनुसार किया गया था। खेल प्रतियोगिता के माध्यम से संगिनियों ने दृढ़ संकल्प, साहस और सशक्तीकरण की भावना प्रदर्शित की। प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी, पद्म भूषण और अर्जुन पुरस्कार विजेता साइना नेहवाल बतौर मुख्य अतिथि समारोह में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान उनकी उपस्थिति सभी संगिनियों के लिए प्रेरणा स्रोत थी।

उन्होंने अपने संबोधन में सामाजिक प्रगति में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया और महिलाओं से खेल तथा शारीरिक फिटनेस को अपनी दिनचर्या के हिस्से के रूप में शामिल करने का आग्रह किया।





बेंगलूरु से मैसूरु के लिए महिलाओं द्वारा संचालित ट्रेन को रवाना करते हुए महाप्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव, दपरे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती नमिता श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारीगण (बाएं) मैसूरु में महिलाकर्मियों को पुष्प भेंट कर स्वागत करती हुई मंडल रेल प्रबंधक शिल्पी अग्रवाल एवं अन्य। (दाएं)

# महिलाओं द्वारा संचालित बेंगलूरु-मैसूरु राज्यरानी एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) के बेंगलूरु डिवीजन ने राज्य रानी एक्सप्रेस ट्रेन को पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित किया। इसमें लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, टिकट चेकिंग स्टाफ और सुरक्षा कर्मी शामिल थे। जो संगठन के सर्वांगीण विकास को प्राप्त करने के लिए लैंगिक समान कार्यबल बनाने की रेलवे की प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के लिए बेंगलूरु-मैसूर में ड्यूटी पर थे।

दपरे के महाप्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव ने ट्रेन नंबर 20660 बेंगलूरु-मैसूरु राज्य रानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इससे पहले, अरविन्द श्रीवास्तव, श्रीमती. नमिता श्रीवास्तव/अध्यक्ष दक्षिण पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (एसडब्ल्यूआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ), मंडल रेल प्रबंधक योगेश मोहन और एसडब्ल्यूआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ बेंगलूरु की अध्यक्ष शिखा अग्रवाल ने केएसआर बेंगलूरु सिटी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन चलाने वाली महिला चालक दल को सम्मानित किया।

ट्रेन का संचालन लोका पायलट सिरीशा गजनी, सहायक लोको पायलट सोनाजी ने किया। ट्रेन प्रबंधक के रूप में प्रियदर्शनी, और अन्य महिला श्रीमती इंद्राणी/सीनियर सेक्शन इंजीनियर कैरिज एंड वैगन; श्रीमती सी.एस. भारती/मुख्य टिकट निरीक्षक; श्रीमती सगाया मैरी/मुख्य टिकट निरीक्षक; श्रीमती शमीम उनीसा बेगम एम./मुख्य टिकट निरीक्षक; श्रीमती अनिला जकारियास/उप मुख्य टिकट निरीक्षक; श्रीमती सोना वीजे/उप मुख्य टिकट निरीक्षक; श्रीमती उमा पी.एस./उप मुख्य टिकट निरीक्षक; श्रीमती कशिश सिंह/वाणिज्यिक सह टिकट चेकिंग एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की महिला कांस्टेबल श्रीमती रंजिनी और श्रीमती पीटी श्रीजा थीं। इस महत्वपूर्ण अवसर का सभी महिलाओं का सम्मान किया गया। वहीं मैसूरु डिविजन से मंडल रेल प्रबंधक शिल्पी अग्रवाल ने ट्रेन की सभी महिलाकर्मियों का स्वागत किया। शिल्पी अग्रवाल ने दक्षिण पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्यों के साथ, प्रशंसा और एकजुटता के प्रतीक के रूप में व्यस्त मैसूर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को गुलाब की कलियाँ और टॉफ़ी वितरित कीं। इस अवसर पर बोलते हुए, मैसूरु की डीआरएम श्रीमती शिल्पी अग्रवाल ने भारतीय रेलवे में सकारात्मक बदलाव लाने, अधिक समावेशी और न्यायसंगत कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने और रेलवे में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को पहचानने और उनका समर्थन करने के महत्व को रेखांकित किया। मैसूरु डिवीजन से ट्रेन को रवाना करने के समय हरी झंडी दिखाने के समय अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती ई. विजया, श्री विनायक नाइक, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्रीमती अंकिता वर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक और वरिष्ठ पीआरओ जे लोहितेश्वर आदि उपस्थित थे।



# केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा शिवलिंग का रुद्राभिषेक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर हुब्बल्ली के जिम खाना मैदान में एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया और शिवलिंग की विशेष पूजा की।

मंत्री जोशी ने रुद्राभिषेक कर भगवान शिव की भक्ति की। व्यापारिक शहर के जिम खाना मैदान में प्रहलाद जोशी के नेतृत्व में शिवरात्रि के अवसर पर एक विशेष धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस वर्ष हुब्बल्ली-धारवाड़ के जुड़वां शहरों के भक्तों को अयोध्या की तर्ज पर यहां श्री रामेश्वर दर्शन के दर्शन का सौभाग्य मिला है, जिससे महाशिवरात्रि समारोह में और अधिक चमक आ गई है। रुद्राभिषेक समारोह में विधायक महेश तेंगिनाकाई, नगरपालिका की महापौर वीणा भरद्वाडा और निगम के सदस्य, पार्टी कार्यकर्ता और भक्त उपस्थित थे।

# कर्नाटक सरकार ने इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी योजना को वापस लिया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक सरकार ने इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी को 'महिलाओं के लिए असुरक्षित' और मोटर वाहन अधिनियम के खिलाफ पाए जाने के बाद राज्य में इन सेवाओं के संचालन पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने एक आदेश में कहा कि 2021 में शुरू की गई कर्नाटक इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी योजना अब वापस ले ली गई है। अधिसूचना के मुताबिक, हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ निजी ऐप-आधारित कंपनियां मोटर वाहन अधिनियम और उसके नियमों का उल्लंघन कर रही हैं और परिवहन वाहनों के रूप में गैरकानूनी गैर-परिवहन दोपहिया वाहन चला रही हैं। इसमें कहा गया है कि ऑटो रिक्शा और मैक्सी कैब के मालिकों और ड्राइवरों की अक्सर बाइक सवारों के साथ कहा-सुनी होती रहती थी जिसके बाद कई मामले भी दर्ज किए गए। इस योजना की वजह से परिवहन विभाग के लिए कर संग्रह भी मुश्किल होने लगा था। अधिसूचना के मुताबिक, राज्य में कानून और व्यवस्था बनाए रखने और दोपहिया बाइक टैक्सी पर यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह योजना रद्द कर दी है। ओला-उबर ड्राइवर्स एंड ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तनवीर पाशा ने कर्नाटक सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2021 में बेंगलूरु में इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सियों को अनुमति दी थी।

# एनआईए ने शिव्वमोग्गा आईएसआईएस साजिश मामले में एक अन्य आरोपी के खिलाफ आरोपपत्रदाखिल किया

बेंगलूरु/नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आईएसआईएस और लश्कर-ए-तैयबा समेत प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के पक्ष में दीवारों पर नारे लिखने से संबंधित शिवमोगा आईएसआईएस साजिश मामले में एक और आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2022 में दर्ज किये गये इस मामले में अराफात अली के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के अलावा संघीय एजेंसी ने दो अन्य आरोपियों मोहम्मद शारिक और माज मुनीर अहमद को भी आरोपित किया है। एनआईए के मुताबिक अली ने अन्य आरोपियों को कथित रूप से कट्टरपंथ का पाठ पढ़ाया था और उन्हें जनवरी,2020 में दीवारों पर नारे लिखने के काम पर लगाया था।

भारत सरकार
राजकुमारी अमृत कौर नर्सिंग महाविद्यालय
लाजपत नगर, नजदीक मूलचंद मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली-110024
दूरभाष : 011-25436788,26435270 ई-मेल : principal-rakcon@gov.in

प्रवेश सूचना
एम.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम, (2024-25)
(दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त)

एम.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (2024-2025) के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। निर्धारित आवेदन प्रपत्र एवं वितरण पत्रिका महाविद्यालय की वेबसाइट (www.rakcon.com) से डाउनलोड किये जा सकते हैं और रुपये 1000/- का बैंक ड्राफ्ट जो Principal, Rajkumari Amrit Jaur College of Nursing के नाम देय हो, के साथ 18-03-2024 से 19-04-2024 सायं 5.00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र सभी कार्य दिवसों यानि सोमवार सो शुक्रवार, राज पत्रित अवकाशों को छोडकर समय 10.00 बजे से 5.00 बजे तक जमा किए जाएंगे।

प्रवेश संबंधी अपेक्षाएं

प्रत्याशी की 55% सफल प्राप्तांकों सहित दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.एससी (आनर्स) परीक्षा या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त विश्वविद्यासलय से बी.एससी. नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी.एअससी. नर्सिंग परीक्षा प्राप्त होनी चाहिए व किसी संस्था/विशेष अध्ययन संस्थान अथवा जन स्वास्थ्य एजेन्सी से नर्सिंमग में एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। अनुभव की गणना दिनांक 19 अप्रेल,2024 तक मानी जाएगी। दिनांक 26 मई 2024 को सुबह 10.00 बजे चयन परीक्षा होगी।

सीबीसी 17149/12/0001/2324





# शिव बारात में शामिल 14 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आकर झुलसे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा/जयपुर। राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शिव बारात में भाग लेने वाले 14 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आने से झुलस गये। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे के घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन को उचित निर्देश दिए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सगतपुरा इलाके में 10 से 16 साल की उम्र के बच्चे कम ऊंचाई वाले 'हाई टेंशन' तार की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि एक बच्चा 100 फीसदी तक झुलस गया जबकि दूसरा बच्चा करंट लगने से 50 फीसदी तक झुलस गया।

अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को आनन-फानन में कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि घटना शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे से 12 बजे के बीच उस समय हुई, जब शिव बारात कालीबस्ती से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान यात्रा में शामिल एक लड़का, जिसने 22 फुट ऊंचा डंडा पकड़ा हुआ था, ऊपर से गुजर रहे 'हाई-टेंशन' तार के संपर्क में आ गया।

डंडे के ऊपर एक झंडा भी लगा हुआ था। उन्होंने बताया कि जिस बच्चे ने झंडा पकड़ा हुआ था, वह 100 फीसदी तक झुलस गया। वहीं उस बच्चे को बचाने का प्रयास करने वाले अन्य बच्चे भी झुलस गये। अधिकारी ने बताया कि एक बच्चा 50 फीसदी तक झुलस गया जबकि 12 बच्चों को 50 फीसदी से कम चोटें आई हैं।

वहीं मुख्यमंत्री शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने हादसे पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन को उचित निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, कोटा में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात के दौरान 'हाईटेंशन तार' की चपेट में आने से 18 नागरिकों के झुलसने का समाचार दु:खद है। उन्होंने कहा प्रभु नीलकंठ से प्रार्थना है कि घायल नागरिकों को अति शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री दिलावर ने जिला कलेक्टर से फोन पर बात करके पूरे मामले की जानकारी ली तथा घायलों के उपचार के लिए सभी संभव उपाय करने के लिए निर्देश दिए।

## विभागीय जांच के निर्देश

राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शुक्रवार को कोटा के सकतपुरा में करंट की चपेट में आने से बच्चों के झुलसने के मामले की विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही नागर कोटा के एमबीएस अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती बच्चों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को बच्चों के बेहतर उपचार एवं देखभाल के निर्देश दिए।

## हादसे की होगी विस्तृत जाँच

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटा में हुए विद्युत हादसे पर दु:ख व्यक्त करते हुए बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की हैं। शर्मा ने



प्रशासन को घायल बच्चों को तुरंत सहायता प्रदान करने और हादसे में घायल बच्चों को सर्वश्रेष्ठ इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। साथ ही, प्रशासन को यह भी निर्देश दिए कि बच्चों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हादसे के सभी पहलुओं को ध्यान में रख जांच कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की वे आवश्यक सभी कार्यवाही करें जिससे भविष्य में ऐसा दु:खद हादसा पुनः घटित ना हो।

# महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम सबके जीवन में नारी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। हर क्षेत्र में महिलाएं सफलता का परचम लहरा रही हैं। उनके सम्मान तथा गरिमा को बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन सरकार महिला सशक्तीकरण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

शर्मा शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल रूप से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश की महिलाओं को कई सौगातें दी। उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं का वर्चुअल रूप से लोकार्पण तथा शुभारंभ कर विभिन्न वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केन्द्र सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 100 रुपए की छूट के निर्णय का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी क्षेत्रों में महिला उत्थान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार का गठन होते ही हमने प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना के तहत गर्भवती और धात्री महिलाओं को दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 6500 रुपए की है। उनको निजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर नि:शुल्क सोनोग्राफी सुविधा देने के लिए च-- वाउचर योजना की शुरूआत की गई है। साथ ही, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के मानदेय में भी 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में एंटी रोमियो स्कवॉड का गठन, 1024 पुलिस थानों में महिला डेस्क की स्थापना कर महिला पुलिसकर्मी की नियुक्ति, वूमेन हेल्प डेस्क, रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण तथा लाडली सुरक्षा योजना के तहत सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे की स्थापना जैसे फैसले किए गए हैं। हम महिलाओं की सुरक्षा तथा सशक्तीकरण के लिए मजबूती के साथ काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला उत्थान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उनके हर संकल्प को राज्य सरकार प्रतिबद्ध होकर साकार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर केन्द्र सरकार ने महिलाओं के हित में कई निर्णय लिए हैं। लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए संसद द्वारा ऐतिहासिक नारी शक्ति वन्दन अधिनियम पारित किया गया है। इस अधिनियम के प्रभावी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा तथा विधानसभाओं में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिलना सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री द्वारा बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, हर घर शौचालय योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे महिलाएं सशक्त हुई हैं तथा उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए हम बदलाव की शुरूआत अपने घर से करें, तभी समाज में बदलाव संभव होगा। उन्होंने कहा कि बेटों के समान बेटियों को भी महत्व देते हुए उनके सपनों को साकार करने में हमें अपना योगदान देना चाहिए।

# मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण के अनेकों निर्णय और कार्य किए गए : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के विशिष्ट आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मंडल जयपुर शहर की ओर से शुक्रवार को एंपावरमेंट वूमेनहुड कार्यक्रम आयोजित किया गया। मालवीय नगर स्थित अणुविभा केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम को श्रीमती दीया कुमारी ने ऑनलाइन संबोधित किया और उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी का सम्मान करना हमारे देश की सदियों पुरानी परंपरा है। देश का विकास महिलाओं के विकास के बिना संभव नहीं है। राष्ट्र निर्माण में महिलाएं पुरुषों के समान बराबरी से कंधे से कंधा मिलाकर अपना महत्वपूर्ण और समुचित योगदान दे रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के विकास के अनेकों निर्णय लिए गए हैं। महिलाओं की प्रगति में सहयोगी योजनाएँ एवं कार्यक्रम चलाए गए हैं। उन्होंने शासन गौरव कनक साध्वी जी का अभिनंदन किया और आशीर्वाद भी लिया।

शासन गौरव कनक साध्वी ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि यह गौरव का विषय है कि दीया कुमारी जैसी महत्वपूर्ण महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में राजस्थान राज्य की सेवा समर्पित भाव से कर रही हैं। इससे प्रदेश निश्चित रूप से प्रगति की ओर अग्रसर होगा।

साध्वी जी ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि महिलाओं की लीडरशिप जहां होती है वह सफल होती है। महिलाओं की लीडरशिप में कहीं कोई संदेह की गुंजाईश नहीं है। उन्होंने कहा कि तेरापंथ महिला मंडल की ओर से राष्ट्र जागरण का कार्य किया जा रहा है। तेरापंथ महिला मंडल की महिलाएं राष्ट्र सेवा का कार्य कर रही है। यह भी एक गौरव की बात है कि भारत देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु भी एक महिला है। महिलाएं हर क्षेत्र में विकास की वाहक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के निर्देशन में संसार का संचालन हो रहा है। महिलाएं अपनी अगली पीढ़ी को शिक्षित और दीक्षित कर राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष सरिता डागा ने कहा कि तेरापंथ महिला मंडल की ओर से स्वच्छ भारत का निर्माण और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए प्लास्टिक रीसायकल मशीनों का वितरण किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सिलाई मशीन और आटा चक्की और इसी तरह उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की ट्रस्टी विमला दुग्गड़, पूर्व अध्यक्ष पुष्पा बैद, सदस्य नीलिमा बैद, तेरापंथ महिला मंडल जयपुर की अध्यक्ष नीरू मेहता, मंत्री नीलिमा बैद तथा तेरापंथ महिला मंडल की महिला सदस्य मौजूद थी।



# शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, हर-हर महादेव की गूंज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में महाशिवरात्रि के पर्व पर शिवालयों में शिव भक्तों की लंबी-लंबी कतारें दिखीं। हर-हर महादेव, बम-बम भोले, जय भोले नाथ... के जयघोष के साथ सभी श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने और उनका जलाभिषेक करने के लिये अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिये। राजधानी जयपुर के प्रमुख शिवालयों झारखंड महादेव, ताड़केश्वर, रोजगारेश्वर सहित अन्य कई मंदिरों में सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

श्रद्धालुओं ने बम बोले की गूंज के साथ शिवलिंग पर रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के साथ-साथ बेलपत्र (बिल्व पत्र), धतूरा, आंकड़े की पुष्प माला और गुलाब के फूल अर्पित किए। कोटा के प्रमुख मंदिरों थेकड़ा धाम, कंसुआ मंदिर, भीतरिया कुंड, कर्णेश्वर महादेव समेत अन्य शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। भितरिया कुंड मंदिर में भोले नाथ के विशेष श्रृंगार किए गए। साथ ही शिव बारात भी निकाली गई।

उदयपुर के एकलिंग जी मंदिर में श्रद्धालु पैदल चलकर दर्शन करने पहुंचे। अजमेर, पाली, बांसवाड़ा सहित प्रदेश के अन्य स्थानों पर मंदिरों में भगवान शिव का विशेष फूलों से श्रृंगार किया गया। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोगों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल कलराज मिश्र और उनकी पत्नी सत्यवती मिश्र ने राजभवन स्थित राज राजेश्वर शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की। राजभवन के प्रवक्ता के अनुसार, मिश्र ने भगवान शिव की पूजा के पश्चात उनकी आरती करते हुए सभी के लिए कल्याण और मंगल की कामना की। उन्होंने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर परमपिता परमेश्वर और जगतजननी से प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री शर्मा ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा देवाधिदेव महादेव की आराधना को समर्पित 'महाशिवरात्रि' के पवित्र पर्व की आप सभी को असंख्य शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, महादेव से प्रार्थना है कि हमें जीवन में अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ सत्कर्मों में लगे रहने की शक्ति प्रदान करें। उनकी अनुकंपा से सभी का जीवन सुख, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो।

## ट्रक के टक्कर मारने पर मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर के भांकरोटा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह तेज गति से गुजर रहे ट्रक (मिनी ट्रक) ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उसपर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थानाधिकारी राजकुमार मीणा ने बताया कि जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रिंग रोड के पास रेवाड़ी से सांगानेर की तरफ जा रहे तेज गति वाले मिनी ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल पर सवार मध्यप्रदेश के मुरैना निवासी पुरुषोत्तम (50), पाली निवासी महेन्द्र (30) और कानाराम (35) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तीनों बाइक सवार मजदूरी करने के लिये जा रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मिनी ट्रक को जब्त कर चालक सम्पत सिंह को हिरासत में ले लिया है। अधिकारी ने कहा कि परिजनों की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



# उद्योग मंत्री ने किया आईएएस संदीप वर्मा की पेंटिंग प्रदर्शनी का उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उद्योग एवं वाणिज्यिक मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों के कंधों पर देश की ज़िम्मेदारी होती है, ऐसे में कला और इस से जुड़ी रचनात्मक गतिविधियां उन्हें तनावमुक्त और स्वस्थ रखने में मदद करती हैं। उद्योग मंत्री ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर होटल आईटीसी राजपूताना में आईएएस अधिकारी संदीप वर्मा द्वारा चित्रित पेंटिंग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। अपनी पेंटिंग्स में वर्मा ने फ़िल्म, उद्योग, कला और प्रशासन में सफलता हासिल करने वाली महिलाओं के साथसाथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के चित्रों को भी कैनवास पर उकेरा। प्रदर्शनी में जलतरंग पर बजती धुनों ने भी समा बांधा। प्रदर्शनी का आयोजन वीकेयर संस्था एवं होटल राजपूताना शेरेटन के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 12 मार्च तक प्रातः 11 से शाम 7 बजे तक किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य रेखाचित्रों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की झलक प्रदर्शित करना है। इस अवसर पर आईएएस अधिकारी श्रीमती श्रेया गुहा, अखिल अरोड़ा, श्रीमती अपर्णा अरोड़ा, हेमंत प्रियदर्शिनी, वी.के. सिंह, गौरव गोयल, अश्विनी भगत, उमेश दत्ता, डॉ. मनीषा अरोड़ा सहित प्रशासनिक और पुलिस सेवा के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे युवक को बीएसएफ ने मार गिराया

गंगानगर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने गंगानगर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे एक कथित घुसपैठिये को गोली मार दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके अनुसार यह घटना बीएसएफ की सुंदरपुरा चौकी के पास बीती रात हुई। पुलिस ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने लगभग 30 साल के एक युवक को पाकिस्तान की ओर से आते देखा। इस पर जवानों ने उसे लौटने की चेतावनी दी लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया।

केसरीसिंहपुर थाना के अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि बीएसएफ जवानों की गोलीबारी से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ 'फ्लैग मीटिंग' की जाएगी जिसमें जवान उन्हें शव लेने के लिए कहेंगे।

# राज्य सरकार बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : संजय शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शुक्रवार को गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय अलवर में आयोजित कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना 2021-22 के तहत 294 छात्राओं को स्कूटी वितरित कर चाबी व हैलमेट सौंपा। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) शर्मा ने बेटियों को महाशिवरात्रि एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण एवं बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्कूटी बेटियों के सपनों को साकार करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि अपने परिश्रम के बल पर स्कूटी प्राप्त करने वाली मेधावी बेटियों से अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को बेटियों की भागीदारी से अर्जित किया जा सकेगा। श्रीमती वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मेधावी बेटियों के लिये प्रारम्भ की गई स्कूटी वितरण योजना से हजारों बेटियों को अपने सपने साकार करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने स्कूटी वितरण के दौरान बेटियों को हेलमेट भेंट कर स्कूटी चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने की सीख भी दी। मंत्री शर्मा ने प्राचार्य की मांग पर गौरी देवी महाविद्यालय में नगर विकास न्यास के माध्यम से भव्य ऑडिटोरियम बनवाने एवं महाविद्यालय में पेयजल व्यवस्था हेतु विधायक कोष से थ्री फेस बोरिंग करवाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए बस, संग्रहालय एवं वन विभाग के अन्तर्गत आने वाले बायोलोजिकल पार्क एवं अन्य स्थानों पर भ्रमण की नि:शुल्क सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि पाण्डुपोल हनुमान मंदिर में शनिवार व मंगलवार एवं शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क प्रवेश दिया गया। इसी की तर्ज पर बूंदी के गडरिया महादेव मंदिर में भी श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि के पर्व पर दर्शन हेतु नि:शुल्क प्रवेश की सुविधा प्रदान की गई। जीडी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मंजू यादव ने कहा कि मंत्री संजय शर्मा ने विधायक रहते हुए महाविद्यालय में गेस्ट रूम बनवाया।

## एक महिला आधार कार्ड बनाने के लिए पन्द्रह साल से काट रही हैं चक्कर

भरतपुर। केंद्र एवं राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठा रही है लेकिन भरतपुर में एक महिला के हाथों की लकीरें धुंधली पड़ जाने से उसका आधार कार्ड ही नहीं बन पा रहा है और वह पिछले करीब 15 सालों से इसके लिए चक्कर काट रही हैं। आधार कार्ड नहीं बनने के कारण राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड और जनाधार कार्ड भी नहीं बन पा रहे है और महिला का परिवार किसी सरकारी योजना का लाभ भी नहीं उठा पा रहा है। इस कारण महिला के दिव्यांग पति को न पेंशन मिल पा रही है और ना ही उनकी मेधावी बेटी को गार्गी पुरस्कार मिल पाया है। लंबे समय से आधार कार्ड नहीं बन पाने से महिला और उसका परिवार अब आधार के लिए चक्कर काट काट कर थक चुके हैं। शहर के नमक कटरा निवासी प्रियंका और उनके दिव्यांग पति प्रदीप एक छोटी सी किराना स्टोर चलाकर अपना परिवार चलाते हैं। श्रीमती प्रियंका अपना आधार कार्ड बनवाने का प्रयास कर रही है लेकिन उंगलियों की लकीरें (फिंगर प्रिंट) धुंधली होने की वजह से आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है।

# मुर्मू ने वायु सेना की चार इकाइयों को 'राष्ट्रपति मानक और रंग' पुरस्कार से सम्मानित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**गाजियाबाद/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को भारतीय वायुसेना की चार इकाइयों को 'राष्ट्रपति मानक एवं रंग (प्रेजिटेंड्स स्टैंडर्ड एंड कलर्स)' पुरस्कार से सम्मानित किया और इसे ''ऐतिहासिक अवसर'' करार दिया। गाजियाबाद में हिंडन वायु सेना स्टेशन में आयोजित एक समारोह में 45 स्क्वाड्रन और 221 स्क्वाड्रन को 'राष्ट्रपति के मानक' और 11 'बेस रिपेयर डिपो' तथा 509 'सिग्नल यूनिट' को 'राष्ट्रपति के रंग' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि भारतीय वायुसेना के इतिहास में यह पहला अवसर है जब वायुसेना की चार इकाइयों को एक साथ इन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसमें बताया कि राष्ट्रपति मानक और रंग पुरस्कार किसी भी सशस्त्र बल इकाई के लिए सर्वोच्च सैन्य सम्मान है। बयान में कहा गया कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुनी गई चारों इकाइयों का भारतीय वायुसेना के इतिहास में शानदार योगदान है।

भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वी के सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुर्मू के आगमन से पहले, भारतीय वायुसेना की टुकड़ियों के एक समूह ने एक औपचारिक परेड और बैंड प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भारतीय वायुसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुर्मू वायुसेना के एक विशेष विमान से हिंडन वायुसेना स्टेशन पहुंचीं। राष्ट्रपति सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर हैं। वायुसेना को ये पुरस्कार ऐसे दिन दिए गए हैं जब अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। 'गार्ड ऑफ ऑनर' प्राप्त करने के बाद, मुर्मू ने 45 स्क्वाड्रन और 221 स्क्वाड्रन को राष्ट्रपति के मानक और 11 बेस रिपेयर डिपो और 509 सिग्नल यूनिट को राष्ट्रपति के रंग प्रदान किए। उन्होंने भारतीय वायुसेना की चार इकाइयों को सम्मान दिए जाने को एक ''ऐतिहासिक अवसर'' बताया और राष्ट्र की सेवा में बल और उसके योद्धाओं के योगदान की सराहना की। बयान में बताया गया कि वायुसेना की 45 स्क्वाड्रन को 'फ्लाइंग डैगर्स' के नाम से भी जाना जाता है। इसकी स्थापना 1959 में हुई थी। इस स्क्वाड्रन ने 1960 में पुर्तगाली शासन से गोवा की आजादी के लिए 'ऑपरेशन विजय' में भाग लिया था। इसमें बताया गया कि 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में इस इकाई को पंजाब और राजस्थान सेक्टर के हवाई क्षेत्र की रक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वायुसेना की 221 स्क्वाड्रन को 'वैलिएंट्स' के नाम से जाना जाता है। इसकी स्थापना 14 फरवरी 1963 को बैरकपुर में की गई थी। इस स्क्वाड्रन के गठन के बमुश्किल दो साल बाद इसे 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी क्षेत्र में तैनात किया गया था, जहां इसने सराहनीय योगदान दिया था। इस स्क्वाड्रन ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भी पूर्वी क्षेत्र को सुरक्षित रखने में अहम योगदान दिया। '11 बेस रिपेयर डिपो' भारतीय वायुसेना का प्रमुख और एकमात्र लड़ाकू विमान 'बेस रिपेयर डिपो' है। इसे अप्रैल 1974 में नासिक के ओझर में रखरखाव कमान के तहत स्थापित किया गया था।

## दरोगा के नशे में होने का वीडियो प्रसारित, निलंबित

**सहारनपुर (उप्र)/भाषा।** सहारनपुर जिले में एक पुलिस उपनिरीक्षक (दरोगा) के नशे में होने का वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित होने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सहारनपुर जिले के तीतरो थाना क्षेत्र के बहलोलपुर चौकी पर तैनात दरोगा की ड्यूटी बरसी महादेव मंदिर पर लगी थी, लेकिन पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा की गई जांच के दौरान उक्त दरोगा ड्यूटी पर न होकर अपने कमरे में नशे की हालत में मिला। क्षेत्राधिकारी गंगोह ओर थाना तीतरो के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) जब दरोगा को मेडिकल के लिए ले जाने लगे तो उक्त दरोगा ने वहां से भागने का प्रयास भी किया। भागने के दौरान दरोगा गिर पड़ा जिससे उसे मामूली चोट भी लगी। जैन ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सहारनपुर के एसएसपी विपिन टाडा ने उक्त दरोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और इसकी जांच एएसपी को सौंपी गई है। जांच के बाद इस मामले में अगली कार्यवाही की जाएगी।



## प्रत्येक नागरिक को सरकार के किसी भी फैसले की आलोचना करने का अधिकार है : उच्चतम न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने किए जाने की 'व्हाट्सऐप स्टेटस' के जरिए आलोचना करने के मामले में एक प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी बृहस्पतिवार को रद्द कर दी और कहा कि प्रत्येक नागरिक को सरकार के किसी भी फैसले की आलोचना करने का अधिकार है।

शीर्ष न्यायालय ने इस मामले के संबंध में बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया। उसने प्रोफेसर जावेद अहमद हाजम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (भादसं) की धारा 153 ए (साम्प्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा देने) के तहत दर्ज मामले को रद्द कर दिया। महाराष्ट्र पुलिस ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के संबंध में व्हाट्सऐप पर संदेश पोस्ट करने के लिए हाजम के खिलाफ कोल्हापुर के हतकणंगले पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की थी। हाजम ने इन व्हाट्सऐप संदेशों में कहा था, पांच अगस्त - जम्मू-कश्मीर के लिए काला दिवस'' और ''14 अगस्त- पाकिस्तान को स्वतंत्रता दिवस मुबारक। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को दूसरे देशों के नागरिकों को उनके स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देने का अधिकार है।

उसने कहा कि अगर भारत का कोई नागरिक 14 अगस्त को पाकिस्तान के नागरिकों को शुभकामनाएं देता है जो इसमें कुछ गलत नहीं है।



## सीबीआई ने संदेशखालि में शाहजहां शेख के आवास, कार्यालय पर छापेमारी की

**कोलकाता/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखालि स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए। इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए। शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उसे पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उसके आवास परिसर गए थे।

## संदेशखालि पर भाजपा ने फिर बोला तृणमूल पर हमला, ममता पर लगाया शेख को बचाने का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को विपक्ष पर हमला बोला और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार अपनी पार्टी के निलंबित नेता शाहजहां शेख को बचा रही है। शेख पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने का आरोप है।

पूनावाला ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, एक तरफ प्रधानमंत्री 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ममता दीदी पश्चिम बंगाल के संदेशखालि से 'शाहजहां बचाओ' का संदेश दे रही हैं। उन्होंने कहा, वे (कांग्रेस) 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' जैसे अभियान चलाते हैं लेकिन महिला सशक्तीकरण के लिए कुछ नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए पूनावाला ने कहा कि अभियान और नारे लगाने के बजाय, उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल दिल्ली में अभियान शुरू कर रहे हैं लेकिन उन्हें पहले जवाब देना चाहिए कि वह जांच में सहयोग क्यों नहीं कर रहे हैं। वह केंद्रीय एजेंसियों के सामने पेश होने में इतना संकोच क्यों कर रहे हैं?'' आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल ने 'संसद में भी केजरीवाल, तो दिल्ली होगी और खुशहाल' के नारे के साथ शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत की। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद थे। देश में आम चुनाव अप्रैल-मई में होने हैं।

## सरकार जनजातीय कल्याण के लिए नई प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करेगी : मुंडा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को कहा कि सरकार जनजातीय कल्याण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और 'मशीन लर्निंग' जैसी नई प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

केंद्र की मोदी सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने जनजातियों को उनकी संस्कृति और पहचान की रक्षा करने का मौका दिया है और भारत के निर्माण में जनजातीय क्रांतिकारियों के योगदान को स्वीकार किया है। 'मशीन लर्निंग' विधियां कंप्यूटर को स्पष्ट प्रोग्रामिंग के बिना स्वायत्त रूप से संचालित करने में सक्षम बनाती हैं। मुंडा ने कहा, हमने आजादी के 75 साल पूरे कर लिए हैं लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है कि हमें जनजातीय समुदाय से राष्ट्रपति मिली हैं। नरेन्द्र मोदी सरकार के अलावा कोई ऐसा नहीं कर सकता। मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश में जनजातीय कल्याण के लिए एक खाका तैयार किया है। उन्होंने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल प्रौद्योगिकी से कोई भी अछूता नहीं है। हमने जनजातीय कल्याण के लिए नई प्रौद्योगिकी को शामिल करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, जब हम विकसित भारत के लिए आगे बढ़ रहे हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि जनजातीय समुदाय के लोग पीछे न रहें। मुंडा ने कहा कि भारत का लक्ष्य सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनना है।

## मणिपुर में सेना के अधिकारी का थोउबल जिले में अपहरण

**इम्फाल/भाषा।** भारतीय सेना के एक अधिकारी का मणिपुर के थोउबल जिला में स्थित उनके आवास से असामाजिक तत्वों ने शुक्रवार को अपहरण कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'जूनियर कमीशंड ऑफिसर' (जेसीओ) की पहचान चरांगपट ममांग लेइकई निवासी कोनसाम खेड़ा सिंह के रूप में हुई है। धटना के समय वह अवकाश पर थे। अधिकारियों ने बताया कि सुबह नौ बजे कुछ लोग उनके घर में घुस गए और उन्हें पकड़ कर वाहन में जबरन बैठा लिया और फरार हो गए। अपहरण के कारण का पता नहीं चला है, लेकिन शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार यह फिरौती का मामला लगता है क्योंकि उनके परिवार को पूर्व में भी इस तरह की धमकियां मिली थीं। सूचना मिलने पर, जेसीओ को छुड़ाने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों ने एक समन्वित तलाश अभियान शुरू किया है।

## बलिया में देवी काली की प्रतिमा तोड़ने का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (उप्र)/भाषा।** जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के छिब्बी गांव में देवी काली की प्रतिमा को तोड़ने के आरोप में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने शुक्रवार को बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के छिब्बी गांव में गत छह मार्च को गांव के बाहर स्थित मंदिर में स्थापित देवी (मांच काली) की एक प्रतिमा को तोड़ दिया गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में गांव के ही शत्रुघ्न चौहान की तहरीर पर गांव के ही रहने वाले सोहन यादव के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपी सोहन यादव को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया जिसे जेल भेज दिया गया है।

## 'नारी न्याय' के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है कांग्रेस : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि उनकी पार्टी 'नारी न्याय' के माध्यम से भारत की आधी आबादी का आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, लैंगिक न्याय एक प्रगतिशील समाज की पहचान है। हमें भेदभाव की जंजीरों को तोड़ना होगा और लैंगिक समानता के लिए लगातार प्रयास करना होगा। कांग्रेस 'नारी न्याय' के माध्यम से भारत की आधी आबादी का आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा, हम महिलाओं के लिए रोजगार, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, क्योंकि वे राष्ट्र निर्माण में समान हितधारक हैं। हमने अतीत में ऐसा किया है और कांग्रेस भविष्य में भी ऐसा करने में सक्षम है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कुछ महिलाओं से मुलाकात का एक वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। पिछले साल, भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान इन बच्चियों से मिल कर उनसे उनकी आकांक्षाएं पूछी थीं। अपेक्षा अनुसार उन्होंने चुनिंदा सुरक्षित करियर विकल्पों के बारे में बात की, कुछ जो समाज में लोकप्रिय हैं और कुछ जो उनके माता-पिता की आशाएं हैं। उन्हें आगे बढ़ाने के लिए इस बुलबुले से बाहर निकालना ज़रूरी है। इसी सोच के साथ उनकी इच्छा अनुसार कुछ को हेलीकॉप्टर की यात्रा करवाई और कुछ को ऑपरेशन थियेटर में सर्जरी दिखाई। अब उनसे फिर से मुलाकात हुई, और आज उनका आत्मविश्वास अलग आयाम पर है - कुछ नया करने का जज़्बा है, आसमान छू लेने की अभिलाषा है। राहुल गांधी ने कहा, भारत की बेटियों की कल्पना का दायरा बढ़ाना और नए विकल्प प्रस्तुत करना हमारी जिम्मेदारी और उनका अधिकार है। इसे पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।





## राजद ने विधान परिषद चुनाव में राबड़ी देवी, तीन अन्य उम्मीदवारों को उतारने का फैसला किया

**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को एक बार फिर से विधान परिषद के चुनाव में उतारने का शुक्रवार को फैसला किया। राजद ने यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी इस महीने के अंत में होने वाले द्विवार्षिक चुनावों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के शशि यादव का समर्थन करने के अलावा, पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और तीन अन्य उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी।

राजद के अन्य उम्मीदवारों में पार्टी के दिग्गज नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव सैयद फैसल अली और महिला इकाई की पूर्व प्रमुख उर्मिला ठाकुर शामिल हैं। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि सभी उम्मीदवार सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। विधान परिषद की 11 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव होना है क्योंकि मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल मई में समाप्त हो रहा है।

## आगामी चुनावों में भाजपा व तेदेपा ने साथ मिलकर काम करने का फैसला किया : तेदेपा सांसद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य कनकमेदला रवींद्र कुमार ने शुक्रवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जन सेना और उनकी पार्टी ने सैद्धांतिक रूप से, आगामी चुनावों में साथ मिलकर काम करने का फैसला किया है और इसके तौर-तरीकों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ मुलाकात के एक दिन बाद कुमार ने कहा कि आंध्र प्रदेश में एक साथ होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन के उद्देश्यों को लेकर प्रारंभिक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा, सैद्धांतिक रूप से भाजपा, तेदेपा और जन सेना ने साथ काम करने का फैसला किया है।

जन सेना के अध्यक्ष और अभिनेता पवन कल्याण भी बृहस्पतिवार को शाह के आवास पर डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली चर्चा का हिस्सा थे।

सूत्रों ने कहा कि इस तरह के गठबंधन में भाजपा को कितनी सीटें मिलेंगी, यह एक महत्वपूर्ण बिंदु है। आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 और विधानसभा की 175 सीट हैं।

सूत्रों ने बताया कि तीनों दलों के शीर्ष नेता मतभेदों को दूर करने और आगे बढ़ने के तरीकों को अंतिम रूप देने के लिए एक और दौर की वार्ता कर सकते हैं।

## ओडिशा ने 80,125 करोड़ रुपए की सात प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में 80,125 करोड़ रुपए के निवेश वाली सात प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण (एचएलसीए) की बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से इस्पात, हरित ऊर्जा, दवा और रसायन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 24,552 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं खुर्दा, जगतसिंहपुर, झारसुगुड़ा, गंजम और भद्रक जिलों में हैं। इनमें ग्रैन्यूल्स लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, ग्रैन्यूल्स सीजेडआरओ प्राइवेट लिमिटेड, ईजी सोलविन हाइब्रिड प्राइवेट लिमिटेड, एसीएमई ग्रीनटेक ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड, वारी क्लीन एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, एक्शन इस्पात और ओएफबी टेक प्राइवेट लिमिटेड की परियोजनाएं शामिल हैं।

# रोहित व गिल के शतकों से भारत की स्थिति मजबूत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**धर्मशाला/भाषा।** कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को आखिरी सत्र में विकेट जल्दी गिरने के बावजूद अपनी स्थिति मजबूत करते हुए आठ विकेट पर 473 रन बना लिए।

भारत ने आखिरी सत्र में 97 रन के भीतर पांच विकेट गंवाए। इससे पहले रोहित (162 गेंद में 103 रन ) और गिल (150 गेंद में 110 रन ) ने दूसरे विकेट के लिए 244 गेंद में 171 रन जोड़े। पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पड्डिकल ने 103 गेंद में 65 रन बनाए जबकि सरफराज खान ने 60 गेंद में 56 रन बनाने के बाद चाय के बाद पहली ही गेंद पर अपना विकेट गंवा दिया। भारत ने एक विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के आखिर में 255 रन की बढत बना ली।

इंग्लैंड के लिए आफ स्पिनर शोएब बशीर ने 44 ओवर में 170 रन देकर चार विकेट लिए जबकि बायें हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली ने 39 ओवर में 126 रन देकर दो विकेट लिए। चाय ब्रेक के समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 376 रन था लेकिन आखिरी सत्र में इंग्लैंड ने अच्छी गेंदबाजी की तो भारतीयों ने अपने विकेट गैर जिम्मेदाराना तरीके से गंवाए। बशीर की गेंद पर सरफराज ने पहली स्लिप में जो रूट को कैच थमाया। वहीं पड्डिकल को बशीर ने बोल्ड किया। सरफराज की तरह ही ध्रुव जुरेल (15) भी खराब शॉट खेलकर आउट हुए।

लंच के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने नौ महीने में पहली गेंद डाली और क्रीज पर जमे हुए रोहित को बोल्ड कर दिया लेकिन उसके बाद सरफराज और पड्डिकल ने पारी को आगे बढाया। अब तक इस दौरे पर नेट्स पर ही गेंदबाजी कर रहे स्टोक्स ने आखिरकार मैच में गेंदबाजी का फैसला किया। उन्होंने पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद गेंदबाजी करना बंद कर दिया था। पहले सत्र में अपने गेंदबाजों को नाकाम होता देख उन्होंने दूसरे सत्र में गेंद संभाली। पहली ही गेंद पर उन्होंने रोहित का आफ स्टम्प उखाड़ दिया। अगले ओवर में जेम्स एंडरसन ने गिल को बोल्ड किया। उस समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 279 रन था।

पहली बार टेस्ट खेल रहे पड्डिकल का आफ साइड का खेल इतना जबर्दस्त था कि अधिकांश रन वहीं से बने। वहीं सरफराज ने धीमी शुरुआत के बाद लय पकड़ी। उन्होंने 81वें ओवर में श्रृंखला में तीसरा अर्धशतक पूरा किया। अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए भारत ने सुबह शानदार शुरुआत की। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 218 रन पर आउट हो गई थी। रोहित और गिल की साझेदारी को तोड़ने की इंग्लैंड की हर कोशिश नाकाम रही। रोहित के लिए शोएब बशीर की गेंदबाजी पर लेग स्लिप लगाने या मार्क वुड के शॉर्ट गेंद डालने का भी कोई फायदा नहीं हुआ।

## एलपीजी सिलेंडर के दाम में कमी राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा : तृणमूल कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की घोषणा की आलोचना की। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल ने लोकसभा चुनाव से पहले इस कदम को ''राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा' करार दिया।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ने इसे ' सांकेतिक कटौती' और 'सस्ता राजनीतिक हथकंडा' भी करार दिया। आम चुनावों से महज कुछ सप्ताह पहले प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को रसोई गैस एलपीजी की कीमत में 100 रुपए प्रति सिलेंडर कटौती की घोषणा की ताकि परिवारों पर से कुछ बोझ कम हो। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने प्रधानमंत्री का मखौल उड़ाते हुए कहा, देश को प्रधानमंत्री चाहिए लेकिन हमारे पास 'चुनाव' मंत्री हैं। उन्होंने पोस्ट किया, आम चुनाव से पहले मोदी सरकार ने एलपीजी सिलेंडर के दाम घटा दिए हैं; यह राजनीतिक अवसरवादिता की परकाष्ठा है। गत सालों में महिला उपभोक्ता एलपीजी सिलेंडर की आसमान छूती कीमत का बोझ उठा रही थीं।

## सुविचार

**मिल सके आसानी से, उसकी ख्वाहिश किसे है, ज़िद तो उसकी है, जो मुकदर में लिखा ही नहीं।**


## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# रचनात्मक तरीके से समाधान

भारत मंडपम में पहले 'राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार' समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं में ड्रग्स के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए जो सुझाव दिया, वह आज अत्यंत प्रासंगिक है। ड्रग्स और अन्य तरह की नशाखोरी के नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताने के लिए सोशल मीडिया बेहतरीन मंच हो सकता है। प्रधानमंत्री ने इन शब्दों – 'क्या हम ऐसा कंटेंट और ज्यादा बना सकते हैं, जो युवाओं में ड्रग्स के नकारात्मक प्रभावों को लेकर जागरूकता लाए? हम बिल्कुल दावे से, रचनात्मक तरीके से समझा सकते हैं कि युवाओं के लिए ड्रग्स ठीक नहीं हैं?' – में एक ज्वलंत समस्या का उल्लेख किया है। नशा सस्ता हो या महंगा, वह नुकसान ही करता है। इसकी चपेट में आने के लिए युवावस्था एक नाजुक समय होता है। कुसंगति और दोस्तों के उकसावे में आने से कई युवाओं को इसका चस्का लग जाता है। पिछले कुछ वर्षों में फिल्मी गानों में ऐसे शब्दों का प्रयोग बढ़ा है, जो नशे का महिमा-मंडन करते प्रतीत होते हैं। स्थानीय सिनेमा और गीतों में भी नशाखोरी को बढ़ावा देने वाले शब्दों की बाढ़-सी आई हुई है। ये गीत शादियों में बजाए जाते हैं, जिन पर किशोरों से लेकर बड़ी उम्र तक के लोग थिरकते दिख जाएंगे। उन्हें सुनकर अच्छे-भले आदमी को यह भ्रम हो सकता है कि 'नशाखोरी बहुत बहादुरी और दिलेरी का काम है!' कला का उपयोग मानव जीवन से बुराइयों को दूर करने के लिए होना चाहिए, न कि उसके जरिए किसी ऐब को बढ़ावा मिलना चाहिए।

हाल में एक सरकारी सर्वेक्षण के जो आंकड़े आए, वे चिंता बढ़ाने वाले हैं। उसके अनुसार, पिछले एक दशक में पान, तंबाकू और नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ गया है। इस तरह लोग अपनी कमाई का ज्यादा हिस्सा ऐसे पदार्थों पर खर्च करने लगे हैं। घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 बताता है कि कुल घरेलू खर्च के एक हिस्से के रूप में पान, तंबाकू और नशीले पदार्थों पर खर्च शहरी क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन पदार्थों पर खर्च वर्ष 2011-12 के 3.21 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 3.79 प्रतिशत हो गया है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में खर्च वर्ष 2011-12 के 1.61 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 2.43 प्रतिशत हो गया है। जो राशि परिवारों की उन्नति और खुशहाली पर खर्च होनी चाहिए थी, वह नशाखोरी को बढ़ावा देने वाली कंपनियों के खजाने में बरस रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा अगस्त 2022 से जुलाई 2023 तक किए गए घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) का एक और बिंदु कड़वी हकीकत बयान करता है। इसके अनुसार, शहरी क्षेत्रों में शिक्षा पर खर्च का अनुपात वर्ष 2011-12 के 6.90 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022-23 में 5.78 प्रतिशत रह गया। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात वर्ष 2011-12 के 3.49 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022-23 में 3.30 प्रतिशत रह गया। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में पेय पदार्थों और प्रसंस्कृत भोजन पर खर्च वर्ष 2011-12 के 8.98 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 10.64 प्रतिशत हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा वर्ष 2011-12 के 7.90 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 9.62 प्रतिशत हो गया। आसान शब्दों में कहें तो अपनी सेहत को नुकसान पहुंचाने वाली चीजों पर ज्यादा राशि खर्च होने लगी है। यह स्थिति भविष्य में बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती है। समय रहते लोगों, खासकर किशोरों और युवाओं को सजग होना पड़ेगा। अगर अपनी ऊर्जा, समय और संसाधनों को हानिकारक आदतों में लगाएंगे तो वे भविष्य में कई गुणा ज्यादा नुकसान पहुंचाएंगी।

## ट्वीटर टॉक



हम धार्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, व्यावसायिक और सामाजिक क्षेत्रों में असाधारण सेवा प्रदान करने वाली कन्नड़ महिला श्रीमती सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए नामित करने के केंद्र सरकार के फैसले से बहुत खुश हैं। हम श्री रामश्री कृष्ण से प्रार्थना करते हैं कि सुधा मूर्ति, जो एक मां के रूप में सभी के लिए आदर्श हैं, राज्यसभा सदस्य के रूप में देश की और भी अधिक सेवा करेंगी।

**श्रीविश्व प्रसन्न तीर्थ श्रीपाद, पेजावर मठ, उडुप्पी**



आप सब मेरे परिवार हैं, 140 करोड़ देशवासी मेरे परिवार हैं। मुझे ज्यादा मेरे लिए आप मरते हैं, क्योंकि आपके लिए मैं जीता हूं और जो अपने लिए नहीं जीता है, उसके लिए मरने वाले बहुत होते हैं।

**–नरेन्द्र मोदी**



कोटा में महाशिवरात्रि पर शिव बारात के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बच्चों समेत कई लोगों के झुलसने की ख़बर बेहद दु:खद और दुर्भाग्यपूर्ण है। महादेव से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

**–गोविंद सिंह डोटासरा**

## प्रेरक प्रसंग

# जीवन सार का संदेश

धारा नगरी के राजा भोज परम धार्मिक, दानी तथा उदार प्रवृत्ति के शासक थे। वह सन्त-महात्माओं के आश्रमों में स्वयं पहुंच कर उनका सत्संग कर प्रेरणा प्राप्त करते थे। राजा भोज का अंत समय निकट आया। उन्होंने अपने मंत्री को पास बुला कर कहा, 'जब मेरा शव श्मशान ले जाओ, तो मेरा एक हाथ सफेद रंग से तथा दूसरा काले रंग से रंग देना। दोनों हाथ अर्थी से बाहर निकाल देना।' मंत्री यह वसीयत सुनकर हैरान हो गया। उसने पूछा, 'राजन! आप ऐसा विचित्र दृश्य उपस्थित करने के लिए किसलिए कह रहे हैं? मैं कुछ समझ नहीं पाया।' राजा भोज ने कहा, 'दीवान जी, मैं चाहता हूं कि मेरा मृत शरीर भी लोगों को अच्छी प्रेरणा दे। मेरे दोनों खाली हाथ प्रजा को प्रेरणा देंगे कि राजा हो या रंक, मरने के बाद सभी खाली हाथ परलोक जाते हैं। अपने साथ कोई कुछ नहीं ले जा सकता। सफेद और काला रंग यह प्रेरणा देंगे कि यदि मरने के बाद साथ कुछ जाता है,तो अच्छे और बुरे कर्म ही जाते हैं।' मंत्री राजा भोज का मुख देखते रह गए।

## सामयिक

# रिश्वतखोरों को नहीं मिलेगा संसदीय विशेषाधिकार का लाभ

**ललित गर्ग**

**फोन : 01122727486**

सर्वोच्च न्यायालय की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से ऐतिहासिक निर्णय देकर सांसदों व विधायकों के सदन के भीतर वोट देने या वक्तव्य देने के लिए रिश्वत लेने को अपराध की श्रेणी में डाल कर साफ कर दिया है कि इन सदस्यों को मिले विशेषाधिकारों का अर्थ भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी के जुर्म से उनका बरी होना नहीं है, क्योंकि सांसदों एवं विधायकों का भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी में लिप्त होना भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव को कमजोर करता है। यह एक ऐसी राजनीति का निर्माण करता है जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी एवं स्वस्थ लोकतंत्र से वंचित करता है।

हमारे संविधान निर्माताओं ने जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों को कुछ विशेषाधिकार सदनों के भीतर बिना किसी डर या लालच के जनता की आवाज और समस्याएं सरकार तक पहुंचाने के लिए दिये थे, अब संसद, विधानमंडल में भाषण या वोट के लिए रिश्वत लेना सदन के विशेषाधिकार के दायरे में नहीं आएगा। यानी अब अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है।

ऐसा होने से राजनीति को स्वच्छता, शुचिता एवं भ्रष्टाचारमुक्ति की ओर अग्रसर करने में बड़ी सफलता मिलेगी। भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देने एवं आदर्श शासन व्यवस्था स्थापित करने के लिये सांसदों एवं विधायकों का अपराधमुक्त होना जरूरी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब देश में आम चुनाव की घोषणा होने वाली है। जाहिर है, ऐसे माहौल में इस फैसले का भी कुछ न कुछ चुनावी असर को नकारा नहीं जा सकता। स्वस्थ, मजबूत एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये राजनीति स्वार्थों, दलगत समीकरणों से अलग हटकर एवं राजनीतिक नफा-नुकसान को देखे बिना ऐसे फैसलों को चुनावी मुद्दा बनाये जाने की भी अपेक्षा है, इसी से राजनीति में गहरे तक व्याप्त हो चुके राजनीतिक भ्रष्टाचार को समाप्त करने में मदद मिल सकती है। मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता में गठित संविधान पीठ ने इस सन्दर्भ में 1998 में इसी न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले को निरस्त करते हुए कहा कि रिश्वत लेना विशेषाधिकारों के क्षेत्र से बाहर का मामला है जबकि 1998 में न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने इसे विशेषाधिकारों के क्षेत्र में रखते हुए निर्णय दिया था कि सदन के भीतर किये गये कार्यों के लिए सदस्यों को विशेषाधिकारों का संरक्षण एवं सुरक्षा प्राप्त होती है।



अनुच्छेद 105/194 में प्रदत्त विशेषाधिकार सदस्यों के लिए एक भय मुक्त संसदीय वातावरण बनाने के लिए है न कि भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से संसदीय लोकतंत्र को बर्बाद करने के लिये हैं। सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों के रिश्वत कांड पर आए पूर्व आदेश पर विचार कर रहा था। आरोप था कि सांसदों ने 1993 में नरसिम्हा राव सरकार को समर्थन देने के लिए वोट दिया था। इस मसले पर 1998 में 5 जजों की बेंच ने फैसला सुनाया था। अब 25 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले को पलट दिया है। यह मुद्दा दोबारा इसलिये उठा, कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो शिबु सोरेन की बहू और विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिका दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। सीता सोरेन ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उन्हें सदन में 'कुछ भी कहने या वोट देने' के लिए संविधान के अनुच्छेद 194(2) के तहत छूट हासिल है।

सभी सात न्यायमूर्तियों ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि विशेषाधिकारों का सृजन सदनों की कार्यवाहियों को निरापद ढंग से चलाने के लिए किया गया था न कि आपराधिक गतिविधियों की अनदेखी करने के लिए। भ्रष्टाचार या रिश्वत एक अपराध है जिसे सदन के भीतर या बाहर एक दृष्टि से देखना होगा। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है। न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ की पीठ ने इसी मुद्दे पर छायी धुंध को छांटने का काम किया है। इसके साथ ही देश की सबसे बड़ी अदालत ने विशेषाधिकारों के मुद्दे को न्यायिक समीक्षा के घेरे में ले लिया है। भले ही संसद विशेषाधिकारों के मुद्दे पर विचार करने वाली सर्वोच्च संस्था है मगर इसके सदस्यों के सदन के भीतर किये गये कार्यों की समीक्षा अब से सर्वोच्च न्यायालय में भी हो सकती है। इस तरह सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर एक बेहद महत्वपूर्ण फैसले के जरिए देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को दिशा देने की कोशिश की है। भ्रष्टाचार से निपटने के लिए संसद और विधानसभाएं ही अपने अधिकार क्षेत्र में कानून बनाती हैं मगर जब इनके सदस्य ही सदन के भीतर वोट देने या कोई वक्तव्य देने के लिए भ्रष्टाचार करते हैं तो उन्हें उनके ही बनाये गये कानूनों से छूट किस प्रकार मिल सकती है? गौर से देखा जाये तो सांसदों को 1998 में सदन के भीतर रिश्वत लेकर वोट देने के मामले में जिस तरह भ्रष्टाचार निरोधक कानून से छूट दी गई थी वह संसदीय एवं न्यायिक रूप से गलत था। तब मामला यह था कि 1996 में स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव की जो कांग्रेस सरकार गठित हुई थी उसे लोकसभा के भीतर पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं था।

सदन में लाये गये विश्वास मत का सामना करने के लिए उसे दूसरे दलों के सदस्यों की जरूरत थी। बहुमत जुटाने के लिए तब झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों को रिश्वत रूप में खासा धन दिया गया। यह मामला अदालत में गया और तत्कालीन प्रधानमन्त्री स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव अपराधी बनाये गये। निचली अदालत में उन पर आरोप पत्र दाखिल हो गया और उन्हें अपनी जमानत करानी पड़ी। इस अदालत से उन्हें सजा भी हुई। यह प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा तो तब के विद्वान न्यायाधीशों ने इसे संसद के भीतर का मामला बता कर विशेषाधिकारों का हिस्सा बता दिया। इससे संसदीय विशेषाधिकारों का गलत इस्तेमाल होने लगा। चुने हुए प्रतिनिधि इन अधिकारों का बेजा इस्तेमाल करते हुए संसदीय परम्परा एवं व्यवस्था को धुंधलाने एवं दागी बनाने लगे। इस एवं ऐसे राजनीति एवं संसदीय परम्परा से जुडे अनेक मुद्दें पर स्वस्थ बहस हो, इसके लिए जरूरी है कि इन्हें संकीर्ण नजरिये से न देखा जाए।

दरअसल संसद या विधानसभाओं की कार्यवाहियों को सुचारू व भयमुक्त चलाने व निर्वाचित सदस्यों को जनता की समस्याओं को बिना भय या प्रलोभन के रखने के लिए ही विशेषाधिकरों का गठन किया गया था। उसे किसी भी सूरत में रिश्वत लेने की आड़ के तौर पर इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा किया गया तो सांसदों और विधायकों की एक ऐसी बिरादरी बन जाएगी, जो कानून के ऊपर मानी जाने लगेगी।

अब सर्वोच्च न्यायालय ने साफ किया है कि लोकतन्त्र को स्वस्थ, गतिशील व जवाबदेह बनाये रखने के लिए भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी जैसे मामले विशेषाधिकार की श्रेणी में नहीं रहेंगे। सांसद हो या आम लोग-दोनों के लिये कानून एक समान ही लागू होना एक आदर्श स्थिति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला न सिर्फ देश की लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली में गहरे तक पेठ गये भ्रष्टाचार को दूर करता है बल्कि इंसाफ करने की प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के अलग-अलग कानूनी अधिकारों को समाप्त कर समान न्याय को स्थापित करने की दिशा में एक नये सूर्य का उदय करता है।

## विचार

# पेट्रोल डीजल सस्ता होने का इंतजार कर रहे हैं लोग

**बाल मुकुन्द ओझा**

**मोबाइल : 9414441218**

लोकसभा चुनाव से पहले मेदी सरकार ने बड़ा फैसला करते हुए घरेलु एलपीजी सिलेंडर 100 रुपये सस्ता कर लोगों को महंगाई से राहत दी है। इससे पूर्व उज्ज्वला में राहत दी गई। उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सिलिंडर पर मिलने वाली सब्सिडी 31 मार्च 2025 तक मिलेगी। इस तरह से अगले एक वर्ष के दौरान योजना के तहत आने वाले परिवारों को 12 एलपीजी सिलेंडर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी के साथ मिलेगी। दो दिन पूर्व सीएनजी के भाव कम हुए थे। सिलेंडर सस्ता होने के बाद अब यह सवाल उठने लगा है कि, क्या अब पेट्रोल और डीजल भी होगा सस्ता? बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार के पास पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी करने का विकल्प भी मौजूद है। यदि वह ऐसा करती है तो इससे त्योहारी सीजन के बीच देश के आम उपभोक्ताओं को बड़ा लाभ पहुंचाया जा सकता है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है।

देश के चौक चौराहों और गांव गुवाड़ में लोग यह चर्चा करते मिल जायेंगे कि मोदी तेल कब सस्ता करेगा। पिछले एक वर्ष में यह खबर कई बार आयी की अब जल्द ही तेल के दाम कम होंगे मगर लोगों की यह आश अब तक पूरी नहीं हुई जबकि तेल कंपनियां मालामाल हो गई है। अब एक बार फिर मीडिया में यह खबर सुख़ियों में है की देश के लोगों का अच्छे दिनों का इंतज़ार अब ख़त्म होने जा रहा है। तेल दस रूपये तक सस्ता होने जा रहा है। खबरों में पहले की तरह कहा जा रहा है कि सरकारी तेल कंपनियां पेट्रोल और डीजल के दाम घटाने पर विचार कर रही हैं। तेल कंपनियों ने अप्रैल 2022 के बाद डीजल और पेट्रोल के दाम में कोई कटौती नहीं की है। जिसको देखते हुए तेल कंपनियों द्वारा इस मुद्दे पर चर्चा की जा रही है। अगर तेल के दाम कम होते हैं तो यह 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले एक बड़ा कदम होगा। दुनिया में भारत सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। विश्लेषकों का कहना है तेल की कीमतों में खेल करके सरकार ने लाखों-करोड़ों तो कमाए हैं, साथ में तेल कंपनियों का मुनाफा भी पिछले कुछ समय में कई गुना बढ़ गया है। लेकिन इन सबकी कीमत जनता को ही चुकानी पड़ी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पेट्रोल डीज़ल दस रूपये तक सस्ता होने की उम्मीद है। लगातार बढ़ती महंगाई के इस दौर में अगर आम आदमी को इतनी राहत भी मिल जाए तो वह बहुत कारगर साबित होगी। फिलहाल राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। वही गुलाबी नगरी जयपुर में पेट्रोल की कीमत 108.48 रुपये प्रति लीटर है, और डीजल की कीमत 93.72 है। बताया जाता है देश में पेट्रोल-डीजल का बेस प्राइज 57 रुपए के लगभग है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकारें इस पर टैक्स लगाकर इसे 100 रुपए के पार पहुंचा देती हैं। इस समय पेट्रोल-डीजल पर केंद्र सरकार 19.90 रुपए एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है। इसके बाद राज्य सरकारें पेट्रोल-डीजल पर अपने हिसाब से वैट और सेस वसूलकर इसे बहुत महंगा कर देती हैं। यही वजह है कि पेट्रोल-डीजल की कीमतें इतनी ज्यादा पहुंच जाती है।

## नजरिया

# लोकसभा चुनाव- यादें सुकुमार सेन और टी.एन. शेषन की

**आर.के. सिन्हा**

एक बार फिर से देश लोकसभा चुनावों के लिए तैयार है। लोकसभा चुनावों की घोषणा अब कभी भी हो सकती है। देश में चारों तरफ लोकसभा चुनाव का माहौल बनता ही चला जा रहा है। वास्तव में यह भारतीय लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण और खासमखास उत्सव भी है। इस उत्सव में इसबार 86 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 47 करोड़ महिला वोटर होंगी। इस उत्सव में देश के 28 राज्य और नौ केंद्र शासित शामिल होंगे।

लोकसभा चुनावों को सफलता पूर्वक करवाने की जिम्मेदारी डेढ़ करोड़ सरकारी अफसरों पर होगी। करीब सवा करोड़ मतदान केन्द्रों में जाकर मतदाता देश के 543 लोकसभा सांसदों का चुनाव करेंगे। यह सब आंकड़ें गवाह हैं कि भारत से बड़ा और व्यापक संसदीय चुनाव विश्व भर में कहीं और नहीं होता। बहरहाल, भारत में अब तक लोकसभा के 17 चुनाव हो चुके हैं। पहली लोकसभा के चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 के बीच कराए गए थे। उस समय लोकसभा में कुल 489 सीटें थीं। लेकिन, संसदीय क्षेत्रों की संख्या 401 थी। लोकसभा की 314 संसदीय सीटें ऐसी थीं जहां से सिर्फ़ एक-एक प्रतिनिधि चुने जाने थे। वहीं 86 संसदीय सीटें ऐसी थी जिनमें दो-दो लोगों को सांसद चुना जाना था। वहीं नॉर्थ बंगाल संसदीय क्षेत्र से तीन सांसद चुने गए थे। किसी संसदीय क्षेत्र में एक से अधिक सदस्य चुनने की यह व्यवस्था 1957 तक जारी रही।

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के सामने कांग्रेस के नेतृत्व वाला आई.एन.डी.आई.ए. के नाम से कई राजनीतिक दलों का एक समूह होगा। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि दो महत्वपूर्ण क्षेत्रीय दल,ओडिसा में बीजद और पँजाब में अकाली दल अकेले ही चुनाव लड़ेंगे। बहरहाल, हर बार की तरह से चुनाव कराने की जिम्मेदारी रिटर्निंग अधिकारियों की होगी। हरेक संसदीय क्षेत्र के लिए एक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त होता है। आमतौर पर, जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) अपने जिले के एक या एक से अधिक सँसदीय क्षेत्रों के लिये रिटर्निंग ऑफिसर होता है! लेकिन, बहुत से ऐसे सँसदीय क्षेत्र ऐसे भी होते हैं जो दो या तीन छोटे जिले में बँटे होते हैं, जिनमें रिटर्निंग ऑफिसर पड़ोसी जिले से भी नियुक्त हो सकता है। फिर, चुनावों पर पर्यवेक्षकों की नजर भी रहती है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के लाखों कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय पुलिस मिलकर चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करवाते हैं।





अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो पाते हैं कि संविधान सभा ने नवंबर 1949 में देश चुनाव आयोग की स्थापना को अधिसूचित किया था, और अगले वर्ष मार्च में, भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) के अफसर श्री सुकुमार सेन को भारत का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। वे पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्य सचिव रहे थे। सुकुमार सेन की ही देखरेख में देश का पहला लोकसभा चुनाव संपन्न हुआ था। वे 21 मार्च 1950 से 19 दिसंबर 1958 तक भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त रहे। उन्होंने ही स्वतंत्र भारत के पहले दो आम चुनाव, 1951-52 और 1957 को सम्पन्न करवाया था। उन्होंने 1953 में सूडान में पहले मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में भी कार्य किया था। उनकी शिक्षा प्रेसीडेंसी कॉलेज, कोलकाता और लंदन विश्वविद्यालय में हुई थी। बाद में उन्हें गणित में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। 1921 में, सेन भारतीय सिविल सेवा में शामिल हुए , और एक आईसीएस अधिकारी और न्यायाधीश के रूप में विभिन्न जिलों में कार्य किया। 1947 में, उन्हें पश्चिम बंगाल का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया।

पहले आम चुनाव में 21 या उससे अधिक उम्र के करीब 18 करोड़ मतदाता थे पूरे देश में। इनमें से लगभग 85 प्रतिशत पढ़ या लिख नहीं सकते थे। प्रत्येक मतदाता की पहचान, नाम और पंजीकरण किया जाना था। मतदाताओं का यह पंजीकरण महज़ पहला कदम था। फिर, मतदान केंद्रों को उचित दूरी पर बनाया जाना था, और ईमानदार और कुशल मतदान अधिकारियों की भर्ती की जानी थी। यह सब काम सुकुमार सेन के नेतृत्व में चुनाव आयोग कर रहा था। इस बीच, 24 फरवरी और 14 मार्च 1957 के बीच हुए दूसरे चुनाव के दौरान भी सुकुमार सेन मुख्य चुनाव आयुक्त बने रहे। लोकसभा के दूसरे चुनाव में बिहार के बेगुसराय जिले में बूथ कैप्चरिंग की पहली घटना भी देखी गई। यह भूमिहार बहुल बेल्ट थी, और इस क्षेत्र में कम्युनिस्ट पार्टी का गढ़ भी माना जाता था। हालांकि 1989 में ही 'बूथ कैप्चरिंग' शब्द को औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया था और इसके लिए दंड भी निर्धारित किए गए थे। 1970 और 1980 के दशक तक, बूथ कैप्चरिंग उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में काफी प्रचलित हो गई थी, हालाँकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने 'बूथ प्रबंधन' नामक एक चीज़ का अभ्यास किया था, जिसमें इनके कैडर के कार्यकर्ता एक लाइन में खड़े होकर मतदान करते थे।

यह मानना होगा कि पहले चुनाव आयुक्त के रूप में जिस परंपरा को सुकुमार सेन ने शुरू किया था उसे आगे लेकर जाने वाले कुशल चुनाव आयुक्तों में टी.एन.शेषन ने सबसे अग्रणी भूमिका निभाई थी। आज भी बुद्धिजीवी समाज वाले तो यही कहते हैं कि अगर टी. एन. शेषन भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त न बनते, तो देश में चुनावों के नाम पर धोखाधड़ी और धांधली का आलम जारी ही रहता। उन्होंने 1990 के दशक में चुनाव आयोग के प्रमुख पद पर रहते हुए चुनाव सुधारों को सख्ती से लागू करने का अभियान शुरू किया। देश को उनके द्वारा किए महान कार्यों की जानकारी तो होनी ही चाहिए। शेषन ने उन गुंडा तत्वों पर ऐसी चाबुक चलाई , जिसने धन और बल के सहारे सियासत करने वालों को जमीन पर उतारकर पैदल कर दिया गया था। शेषन ने अपने साथियों में यह विश्वास जगाया कि उन्हें चुनाव की सारी प्रक्रिया को ईमानदारी से अंजाम देना चाहिए। उनसे पहले के कुछ चुनाव आयुक्तों पर आरोप लगते रहते थे कि वे पूरी तरह से सरकार के इशारों पर ही चुनाव करवाते हैं। वे कभी इस बात पर जोर भी नहीं देते थे कि चुनाव तटस्थ तरीके से हो। वे सत्तासीन पार्टी के एजेंट मात्र बन कर रह जाते थे। वे कभी चुनाव सुधारों की ओर गंभीर तक नहीं रहे। एक तरह से कहें कि चुनाव आयुक्त का पद शासक वर्ग के चहेते रिटायर होने वाले किसी सचिव को तीन साल तक का पुनर्वास का कार्यक्रम बनकर रह गया था। शेषन ने एक नई परंपरा की शुरुआत की थी। उन्होंने साबित किया था कि इस सिस्टम में रहते हुए भी बहुत कुछ सकारात्मक किया जा सकता है। वे अपने दफ़्तर में बैठकर काम करने वाले अफ़सर नहीं थे। वे चाहते थे कि चुनाव सुधार करके भारत के लोकतंत्र को मजबूत किया जाए। शेषन ने अपने लिए एक कठिन और कठोर राह को पकड़ा। उन्होंने चुनाव सुधार का ऐतिहासिक कार्य करके विश्व भर में नाम कमाया। उन्होंने देश को जगाने के उद्देश्य से 1994 से 1996 के बीच चुनाव सुधारों पर देश भर में सैंकड़ों जन सभाओं को भी संबोधित किया। अब जबकि देश आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तैयार है तो सुकुमार सेन जी और टी.एन. शेषन साहब का स्मरण करना भी जरूरी हो गया है। (लेखक पूर्व सांसद हैं)

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

पूजा अर्चना



वारंगल में केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को तेलंगाना के वारंगल जिले में महा शिवरात्रि के अवसर पर हनमकोंडा मंदिर में भगवान शिव की पूजा की।

# रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती के मुद्दे को मजबूती से उठाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि रूसी सेना के साथ काम करने के लिए कई भारतीय नागरिकों के साथ धोखाधड़ी मामले को भारत ने रूस के समक्ष मजबूती से उठाया है ताकि उन लोगों की शीघ्र रिहाई हो सके। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि झूठे प्रलोभन और वादों पर भारतीयों को भर्ती करने वाले एजेंट और ऐसे कृत्यों में संलिप्त तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की गई है। जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कल कई शहरों में तलाशी लेकर और सबूत इकट्ठा करते हुए एक बड़े मानव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। कई एजेंट के खिलाफ मानव तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, हम एक बार फिर भारतीय नागरिकों से अपील करते हैं कि वे रूसी सेना में सहायक नौकरियों के लिए एजेंट द्वारा दिए गए प्रस्तावों के बहकावे में न आएं। यह जीवन के लिए खतरे और जोखिम से भरा है। जायसवाल ने कहा कि भारत रूसी सेना में सहायक कर्मी के रूप में कार्यरत भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सुधा मूर्ति के पास इन्फोसिस के 5,600 करोड़ रुपये के शेयर

नयी दिल्ली। राज्यसभा के सदस्य के रूप में मनोनीत की गईं सुधा मूर्ति के पास सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस में 0.83 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसका मूल्य मौजूदा कीमतों के आधार पर करीब 5,600 करोड़ रुपये है। सुधा मूर्ति इन्फोसिस के सह-संस्थापक एन आर नारायणमूर्ति की पत्नी हैं। मूर्ति ट्रस्ट की चेयरपर्सन सुधा मूर्ति परमार्थ कार्यों से जुड़ी हुई हैं और उन्होंने कई किताबें भी लिखी हैं।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें राज्यसभा में मनोनीत किए जाने पर प्रसन्नता जताई। बीएसई में दाखिल नवीनतम शेयरधारिता सूचना के मुताबिक, सुधा मूर्ति के पास इन्फोसिस के 3.45 करोड़ शेयर हैं।

बीएसई पर इन्फोसिस का मौजूदा बाजार भाव 1,616.95 रुपये प्रति शेयर है। इस हिसाब से इन्फोसिस में उनकी हिस्सेदारी का मूल्य 5,586.66 करोड़ रुपये है। वहीं, उनके पति नारायण मूर्ति के पास कंपनी के 1.66 करोड़ इक्विटी शेयर हैं जिनकी कीमत 2,691 करोड़ रुपये है।

# भारत ने यूएनएससी सुधार के लिए जी4 देशों की ओर से विस्तृत मॉडल पेश किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए जी4 देशों की ओर से एक विस्तृत मॉडल पेश किया, जिसमें महासभा द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से नए स्थायी सदस्यों को चुने जाने और वीटो के मामले पर लचीलेपन को अपनाए जाने का प्रावधान है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) के दौरान कहा कि अगले साल होने वाली संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ काफी समय से लंबित विषय पर ठोस प्रगति करने की दिशा में एक अहम पड़ाव है। कंबोज ने ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की ओर से बहस, संवाद और अंतत: बातचीत के लिए 'जी4 मॉडल' पेश किया। इन प्रस्तावों को बड़े पैमाने पर संयुक्त राष्ट्र सदस्यों से मजबूत समर्थन प्राप्त हुआ।

कंबोज ने महासभा में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के साथ विस्तृत जी4 मॉडल साझा करते हुए कहा, जब 1945 में परिषद की स्थापना की गई थी, तब की वास्तविकताएं, आधुनिक युग और नई सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं से काफी समय पहले बदल गई हैं और इसमें बदलाव की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन नई वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए जी4 मॉडल का प्रस्ताव है कि छह स्थायी और चार या पांच गैर-स्थायी सदस्यों को जोड़कर सुरक्षा परिषद की सदस्यता मौजूदा 15 से बढ़कर 25-26 की जाए।

सुरक्षा परिषद में दो अफ्रीकी देशों और दो एशिया प्रशांत देशों, एक लातिन अमेरिकी एवं कैरेबियाई देश तथा पश्चिमी यूरोपीय एवं अन्य क्षेत्रों से एक देश को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। जी4 मॉडल के अनुसार, सदस्यता की दोनों श्रेणियों में प्रमुख क्षेत्रों के स्पष्ट रूप से कम प्रतिनिधित्व और गैर-प्रतिनिधित्व के कारण सुरक्षा परिषद की वर्तमान संरचना इसकी वैधता और प्रभावशीलता के लिए हानिकारक है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि संघर्षों से निपटने और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में परिषद की असमर्थता सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।

कंबोज ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जी4 मॉडल यह नहीं बताता कि कौन से देश नए स्थायी सदस्य होंगे और यह निर्णय लोकतांत्रिक और समावेशी तरीके से चुनाव के जरिये महासभा करेगी। जी4 मॉडल के तहत वीटो को लेकर लचीलेपन की पेशकश की गई। वीटो का मामला सदस्य देशों के बीच विवाद का विषय रहा है।

कंबोज ने कहा, हालांकि नए स्थायी सदस्यों की जिम्मेदारियां एवं दायित्व सैद्धांतिक रूप से वर्तमान स्थायी सदस्यों के समान ही होंगे, लेकिन वे तब तक वीटो का प्रयोग नहीं करेंगे जब तक कि समीक्षा के दौरान मामले पर कोई निर्णय नहीं लिया जाता है। उन्होंने कहा, बहरहाल, हमें वीटो मुद्दे को परिषद सुधार की प्रक्रिया पर वीटो की अनुमति नहीं देनी चाहिए। हमारा प्रस्ताव रचनात्मक बातचीत के लिए इस मुद्दे पर लचीलापन प्रदर्शित करने का एक संकेत भी है।' वर्तमान में, केवल पांच स्थायी सदस्यों- चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका- के पास वीटो शक्ति है। उन्होंने इसका इस्तेमाल कर यूक्रेन और गाजा जैसी वैश्विक चुनौतियों और संघर्षों से निपटने संबंधी परिषद की कार्रवाई को बाधित किया है।

# बाइडन ने ट्रम्प पर साधा निशाना, कहा-अमेरिका और दुनिया भर में लोकतंत्र खतरे में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। दूसरे कार्यकाल की मांग करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने प्रतिद्वंद्वी और पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ तीखा हमला किया है और उन पर देश के भीतर और विश्व स्तर पर लोकतंत्र को खतरे में डालने, रूस के सामने घुटने टेकने और नाराजगी, बदला और प्रतिशोध का समर्थन करने का आरोप लगाया है। अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में अपने अंतिम 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में बाइडन ने ट्रम्प का नाम लिए बिना, उनका उल्लेख अपने पूर्ववर्ती के रूप में किया। बाइडन ने एक घंटे से अधिक समय तक चले अपने भाषण में 13 बार ट्रम्प का उल्लेख किया।

सुपर ट्यूज़डे के बाद, नवंबर 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में बाइडन और ट्रम्प के बीच दोबारा मुकाबले का रास्ता साफ हो गया है। इक्यासी वर्षीय बाइडन अमेरिका के सबसे उम्रदराज़ राष्ट्रपति हैं। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के संबंध में हालिया टिप्पणी से लेकर आव्रजन, 6 जनवरी के विद्रोह, गर्भपात और बंदूक नियंत्रण जैसे कई मुद्दों पर 77 वर्षीय ट्रम्प की आलोचना की। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता बाइडन ने कहा, एक राष्ट्रपति, मेरे पूर्ववर्ती, जो सबसे बुनियादी कर्तव्य में विफल रहे। किसी भी राष्ट्रपति का अमेरिकी लोगों की देखभाल करने का कर्तव्य है। यह अक्षम्य है।

उन्होंने कहा, अब, मेरे पूर्ववर्ती, एक पूर्व रिपब्लिकन राष्ट्रपति, पुतिन से कहते हैं, जो कुछ भी आप करना चाहते हैं, वह करें। दरअसल एक पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक रूसी नेता के आगे झुकते हुए ऐसा कहा था। यह अपमानजनक है, यह खतरनाक है। यह अस्वीकार्य है। ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि वह रूस को किसी भी नाटो सदस्य देश के



खिलाफ जो कुछ भी वे चाहते हैं करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, जो रक्षा पर खर्च संबंधी दिशानिर्देशों को पूरा नहीं करता है। एक चौंकाने वाली स्वीकारोक्ति में कि ट्रम्प ने कहा था कि अगर वह दोबारा राष्ट्रपति बनते हैं, तो गठबंधन के सामूहिक रक्षा संबंधी प्रावधान का पालन नहीं करेंगे। बाइडन ने कहा कि वह देश के इतिहास में सबसे कठिन दौर में से एक से अमेरिका को बाहर निकालने के दृढ़ संकल्प के साथ सत्ता में आए थे।

उन्होंने कहा, राष्ट्रपति लिंकन के समय से और गृह युद्ध के बाद से यहां घरेलू स्तर पर स्वतंत्रता और लोकतंत्र पर वैसा हमला नहीं हुआ, जैसा कि आज हो रहा है। जो बात हमारे इस दौर को दुर्लभ बनाती है, वह यह है कि एक ही समय में, देश और विदेश दोनों जगह स्वतंत्रता और लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। विदेश में, रूस के पुतिन आगे बढ़ रहे हैं, यूक्रेन पर हमला कर रहे हैं और पूरे यूरोप और उसके बाहर अराजकता फैला रहे हैं। उन्होंने रूस को रोकने के लिए यूक्रेन को हथियार उपलब्ध कराने के लिए अमेरिकी कांग्रेस से समर्थन भी मांगा।

बाइडन ने कहा, अगर इस कमरे में कोई सोचता है कि पुतिन यूक्रेन में ही रुक जाएंगे, तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि वह ऐसा नहीं करेंगे। लेकिन यूक्रेन पुतिन को रोक सकता है, अगर हम यूक्रेन के साथ खड़े हों और उसे अपनी रक्षा के लिए आवश्यक हथियार उपलब्ध कराएं। बाइडन ने कहा, यूक्रेन बस यही कह रहा है।

टाटा की 10 लाखवीं कार



शुक्रवार को गुजरात के साणंद में टाटा मोटर्स ने अपनी 10लाखवीं कार लांच होने का जश्न मनाया। इस मौके पर टीएमपीवी एवं टीपीईएम के एमडी शैलेश चन्द्रा, ऑपरेशन्स वीपी प्रमोद चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर 10 लाखवीं कार को साणंद संयंत्र से रवाना किया।




# फिल्म 'ननद' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

वर्ल्डवाइड सिने फिल्म्स प्रोडक्शन प्रस्तुत और प्रदीप सिंह कृत भोजपुरी फिल्म ननद का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ननद का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह है जबकि फिल्म का निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है।फिल्म ननद के ट्रेलर में अभिनेत्री रिंकू घोष और काजल राघवानी का चलवा देखने को मिल रहा है, वहीं अभिनेता गौरव झा देव सिंह और संजय सिंह की भूमिका भी फिल्म में काफी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ रहे हैं।

निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि हमारी फिल्म ननद की कहानी एसके चौहान ने लिखी है। यह कहानी दर्शकों को कहीं ना कहीं अपने से जोड़ने का काम करेगी और भोजपुरी सिनेमा घरों के अंदर महिला दर्शकों को वापस लेकर आएगी। हमने एक बेहतरीन फिल्म का निर्माण करने की कोशिश की है। उम्मीद है कि यह फिल्म सिनेमाघर के साथ साथ टीवी पर भी इस साल की बड़ी फिल्म साबित हो। फिल्म में सभी कलाकारों ने अपना किरदार बेहद खूबसूरती से निभाया है जो आपको फिल्म के ट्रेलर में एक झलक के तौर पर देखने को मिल सकती है। यदि आपने अब तक ट्रेलर नहीं देखा तो जल्दी से ट्रेलर देख और अपनी राय भी हमें कमेंट बॉक्स में जरूर भेजें।

फिल्म ननद में गौरव झा, काजल राघवानी, रिंकू घोष, देव सिंह, संजय पांडे, प्रेम दुबे, मनोज टाइगर, रितु पांडे, रिंकू भारती मुख्य भूमिका में हैं।लेखक एस.के. चौहान हैं। संगीतकार ओम झा और गीतकार प्यारे लाल यादव, राकेश निराला और शानदार जी हैं।छायांकन मनोज कुमार सिंह का है। संकलन गुरजंट सिंह, नृत्य कानू मुखर्जी और एक्शन अशोक यादव का है। कला रणधीर दास, कॉस्ट्यूम विद्या-विशुन, कार्यकारी निर्माता कमल यादव और निर्माण प्रबंधक राजू रेड्डी हैं।

# टीवी अभिनेत्री डॉली सोही का निधन

मुंबई/एजेन्सी

टेलीविजन शो 'झनक' और 'भाभी' में अपने अभिनय का जलवा बिखरने वाली अभिनेत्री डॉली सोही का शुक्रवार सुबह सर्विकल कैंसर से नवी मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 47 वर्ष की थीं। सोही के भाई मनप्रीत ने यह जानकारी दी। अभिनेत्री को छह माह पूर्व ही सर्विकल कैंसर होने का पता चला था और वह तब से इसका इलाज करा रही थीं। सोही के भाई मनप्रीत ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा,'' वह नहीं रहीं। अपोलो अस्पताल में तड़के लगभग चार बजे उनका निधन हो गया। उन्हें सर्विकल कैंसर था जो उनके फेफड़ों तक फैल गया था। उनकी तबीयत खराब होने के कारण हमने उन्हें कल रात अस्पताल में भर्ती कराया था।'' एक रात पहले ही बृहस्पतिवार को डॉली सोही की बहन अमनदीप सोही का भी पीलिया के कारण निधन हो गया था। वह भी अभिनेत्री थीं। टीवी धारावाहिक 'बदतमीज दिल' से अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली अमनदीप लगभग 40 वर्ष की थीं। मनप्रीत ने कहा, ''बृहस्पतिवार को अमनदीप का



पीलिया के कारण डीवाई पाटिल अस्पताल में निधन हो गया था।'' डॉली सोही ने 'कुसुम', 'मेरी आशिकी तुम से ही', 'कुमकुम भाग्य' और 'परिणीति' जैसे धारावाहिकों में काम किया था। दोनों का अंतिम संस्कार आज किया जाएगा। अपनी आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट में डॉली ने अपने प्रशंसकों से उनके लिए प्रार्थना करने की अपील की थी। पिछले महीने एक इंस्टाग्राम वीडियो में अमनदीप ने सर्विकल कैंसर के कारण अपनी मौत की झूठी कहानी पेश करने के लिए मॉडल पूनम पांडे की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था, ''आपके इस झूठ से मुझे और मेरे परिवार को बहुत दुख हुआ है क्योंकि हमारी बहन डॉली इस बीमारी से जूझ रही है।''



# शुरू हो रही है 'भूल भुलैया-3' की शूटिंग, विद्या बालन के साथ नजर आएंगी माधुरी

मुंबई/एजेन्सी

'भूल भुलैया 2' साल 2022 की सबसे सफल फिल्मों में से एक थी। इस हॉरर कॉमेडी फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त आने वाली हैं। इस बार विद्या बालन की वापसी होगी। साथ ही माधुरी दीक्षित भी होंगी। अभी उनके नाम का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। कार्तिक आर्यन के अपोजिट तृप्ति डिमरी हैं। स्टाकास्ट को लेकर पहले ही लोगों की दिलचस्पी बढ़ गई है। 'भूल भुलैया 3 'को अनीस बज्मी निर्देशित करेंगे। कार्तिक, विद्या और माधुरी के साथ जल्द ही फिल्म फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है।

'भूल भुलैया 3' की शूटिंग कल (9 मार्च) से मुंबई में शुरू होने वाली है। अंग्रेजी वेबसाइट पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक प्रोडक्शन का शेड्यूल 8 दिन है। सूत्रों के मुताबिक, कार्तिक, विद्या और माधुरी सेट पर होंगे। तृप्ति भी जल्द ही शूटिंग में शामिल होंगी। इससे पहले कार्तिक और टी-सीरीज ने एक साझा पोस्ट में तृप्ति डिमरी के लिए लिखा, 'भूल भुलैया की दुनिया में तृप्ति डिमरी का स्वागत है।' पहली बार दोनों साथ में स्क्रीन शेयर करेंगे। 'एनिमल' की सफलता के बाद तृप्ति डिमांड में बनी हुई हैं। कार्तिक के साथ उनकी जोड़ी को देखने के लिए फैन्स बेताब हैं। उनके अलावा विद्या बालन के नाम का भी खुलासा कर दिया गया है। कार्तिक ने एक पोस्ट कर कहा, 'ऐसा होने जा रहा है, मंजुलिका भूल भुलैया की दुनिया में वापस आ रही है। आपका स्वागत करने के लिए बेहद रोमांचित हूं। इस दिवाली भूल भुलैया 3 धूम मचाने वाली है।' 'भूल भुलैया 2' में कार्तिक ने रुहान रंधावा उर्फ रूह बाबा का किरदार निभाया। उनके साथ एक्ट्रेस कियारा आडवाणी थीं जिन्होंने रीत ठाकुर का रोल किया। फिल्म में तब्बू मंजुलिका बनी थीं। वह डबल रोल में थीं। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 185.92 का लाइफटाइम कलेक्शन किया था।

# 'तन्वी द ग्रेट' का निर्देशन करेंगे अनुपम खेर

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेता एवं फिल्मकार अनुपम खेर ने बताया कि वह अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का निर्देशन करेंगे। अभिनेता ने अपने 69वें जन्मदिन के अवसर पर यह घोषणा की। अनुपम ने 2002 में पहली बार फिल्म 'ॐ जय जगदीश' का निर्देशन किया था। उन्होंने कहा कि 'तन्वी द ग्रेट' संगीत पर आधारित एक फिल्म है, जिसकी पटकथा पर वह पिछले तीन वर्ष से काम कर रहे हैं। अनुपम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''...'तन्वी द ग्रेट'... आज, अपने जन्मदिन के अवसर पर मैं गर्व से उस फिल्म के नाम की घोषणा करता हूं, जिसे मैंने निर्देशित करने का फैसला किया




है। कुछ कहानियां अपना रास्ता खोज लेती हैं और आपको इसे दुनिया के साथ साझा करने के लिए मजबूर कर देती हैं!'' अभिनेता ने 'एक्स' पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा, ''शुरू करने के बारे में सबसे अच्छा तरीका जो मैंने सोचा, वह यह है कि मैं अपनी मां दुलारी के मंदिर में जाकर उनका आशीर्वाद लूं और मेरे पिता की तस्वीर भी मुझे आशीर्वाद दे। मैं पिछले तीन वर्षों से जुनून, साहस, मासूमियत और खुशी देने वाली इस संगीतमय कहानी पर काम कर रहा हूं।''

अनुपम ने कहा कि फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से शुरू होगी। उन्होंने कहा, ''और अंततः कल महाशिवरात्रि के शुभ दिन पर इस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। जन्मदिन का अवसर, स्वयं को चुनौती देने का सबसे अच्छा दिन है! कृपया मुझे अपना प्यार, शुभकामनाएं और आशीर्वाद भेजें! ॐ नमः शिवाय।'' अनुपम खेर अपने 40 साल के करियर में 540 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके हैं।

# बॉलीवुड में महिलाओं की संख्या बढ़ी लेकिन पुरुषों का प्रभुत्व अभी भी कायम

मुंबई/एजेन्सी

रेशमा पठान का नाम शायद ही आपने पहले कभी सुना हो, लेकिन 1970 के दशक में फिल्म जगत में एक 'स्टंट' कलाकार के रूप में कदम रखने वाली संभवत: पहली महिला थीं। रेशमा कहती है कि उनके पुरुष सहयोगी अक्सर उन्हें ताना मारा करते थे कि वह खूबसूरत हैं और अगर उन्हें चोट लग गयी तो उनसे शादी कौन करेगा। चार दशकों से ज्यादा और 500 फिल्में करने के बाद निडर रेशमा उन चुनिंदा महिलाओं में शुमार हैं, जो आज फिल्म जगत की मजबूत स्तंभ बन चुकी हैं। यह फिल्म जगत सिर्फ अभिनेताओं से ही नहीं, बल्कि निर्देशकों, संपादकों, पटकथा लेखकों और कैमरापर्सन से मिलकर बना है, जो भले ही पर्दे के पीछे रहकर काम करते



हैं, लेकिन फिल्म निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। निर्देशक अश्विनी अय्यर तिवारी, गीतकार-लेखक कौसर मुनीर सहित कई महिलाएं, खासकर पुरुष प्रधान फिल्म जगत में जब अपने संघर्ष के दिनों को याद करती हैं, तो कहती हैं कि बदलाव एक प्रक्रिया है और लैंगिक भेदभाव अब भी मौजूद है, फिर भी बहुत सी चीजें बदली हैं। रेशमा ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'फिल्म निर्माता ने कभी नहीं कहा कि मैं इसलिए स्टंट नहीं कर सकती, क्योंकि मैं महिला हूं, लेकिन फिल्म में काम करने वाले दूसरे पुरुष कलाकार कहते थे कि तुम खूबसूरत हो और अगर चोट लग गयी तो कौन तुमसे शादी करेगा? दरअसल वे नहीं चाहते थे कि मैं काम करूं। मैं उनसे कहती थी कि मेरी चिंता न करें। आप एक महिला को नीचा दिखाने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? उन्हें मुझसे जवाब की उम्मीद नहीं थी, लेकिन मैंने उन्हें जवाब दिया।'

हेमा मालिनी, वहीदा रहमान, रेखा और श्रीदेवी सहित कई दिग्गज अभिनेत्रियों के लिए स्टंट करने वाली 69-वर्षीय रेशमा ने कहा कि जब उन्होंने 70 से 80 के दशक में फिल्मों में शुरुआत की तो उस वक्त स्टंट करने वाली कोई दूसरी महिला नहीं थी। उन्होंने कहा, 'मुझे एक जूनियर कलाकार के रूप में एसोसिएशन का सदस्य बनना पड़ा और फिर मुझे स्टंट करने का मौका मिला, क्योंकि वहां स्टंट कलाकारों की कोई एसोसिएशन नहीं थी।'

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तेरापंथ भवन में ' महिला सशक्तिकरण' विषय पर कार्यशाला व प्रेरणा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



# माहेश्वरी महिलाओं ने महिला दिवस पर की शिव पूजा व गौसेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के माहेश्वरी महिला संगठन ने महिला दिवस के अवसर पर सामूहिक रूप से भगवान महेश का अभिषेक एवं वन भोजन का आयोजन किया। 35 महिला सदस्यों ने नेलमंगला स्थित जीण माता मंदिर में पंडित रमाशंकरजी तिवारी के मार्गदर्शन में भगवान शिव का अभिषेक व हवन किया।

सदस्याओं ने अभिषेक पश्चात ब्राह्मणों को दक्षिणा देकर सम्मान कर भोजन कराया। इस मौके पर महिलाओं ने अनेक धार्मिक मनोरंजक खेल खेले तथा राममंदिर के दर्शन कर गौशाला में गोसेवा की तथा आर्थिक सहयोग दिया। महिला संगठन की अध्यक्ष श्वेता बियाणी, सचिव निर्मला काँकाणी सहित अनेक सदस्याओं के साथ ने इस मौके पर मारुति साईंधाम मन्दिर के भी दर्शन किया।





# महिला दिवस पर तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर के आयोजित की कार्यशाला व सम्मान समारोह

## नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से 'नारी सशक्तिकरण' को दिया बल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तेरापंथ भवन में ' महिला सशक्तिकरण' विषय पर कार्यशाला व प्रेरणा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मोटिवेशनल स्पीकर एवं प्रशिक्षक भावना कोठारी का परिचय नीता गन्ना ने दिया। भावना कोठारी ने कहा कि नारी अपने आप में संपूर्ण है, सशक्त है, मल्टी टास्किंग है,प्रकृति ने नारी के भीतर सहनशीलता, करूणा, कोमलता, गंभीरता, ममता ,समर्पण आदि ऐसे गुण दिये जो उसे सशक्त बनाते है। नारी सशक्तिकरण पर उन्होंने कहा कि सशक्त बनने के लिए जरूरी नहीं है कि बाहर जाकर ही सशक्त बना जा सकता है घर में रहकर भी सशक्त बना जा सकता है जिसके लिए उन्होंने छोटे-छोटे टिप्स बताए। नारी सशक्तिकरण की परिभाषा तभी सार्थक हो सकती है जब हर नारी दूसरी नारी की प्रगति में बाधक न बनकर उसके विकास में सहायक बने।

इस मौके पर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में अनेक सेवाएं प्रदान करने वाली कविता पोरवाल को प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया गया। जिनका परिचय किरण बोराणा ने दिया तथा प्रेरणा सम्मान पत्र का वाचन उपाध्यक्ष बरखा पुगलिया ने किया। कविता पोरवाल ने कहा कि नारी वो शक्ति है जो यदि ठान लें तो इतिहास बदलने की क्षमता रखती है। इसके साथ ही उन्होंने अपने जीवन के कई अनुभवों को साझा किया। महिलाओं ने नारी की विभिन्न भूमिकाओं को दर्शाते हुए नुक्कड़ नाटिका की प्रस्तुति दी।

इस मौके पर महिला राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य वीणा बैद, मधु कटारिया, मंत्री दीपिका गोखरु, उपाध्यक्ष सुमित्रा बरड़िया ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन लता गांधी ने एवं आभार व्यक्त सुनीता बाबेल ने किया। इसके अलावा महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नारी सशक्तिकरण विषय पर नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति दी जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

## एचआरकप प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु में हंटर्स क्रिकेटर्स द्वारा एनआर गार्डन स्थित एबीसीडी खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता 'एचआरकप-2024' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद एच. रविंद्र ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मारूति मेडीकल के प्रमुख एवं गौसेवक महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद एवं व्यायाम अति आवश्यक है। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।

# 'शब्द' का होली मिलन कल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 'शब्द' साहित्यिक संस्था की मासिक रचनागोष्ठी रविवार को अपराह्न में जैन विश्वविद्यालय के जेसी रोड स्थित स्कूल आफ साइंसेज के सेमिनार हॉल में आयोजित होगी। गोष्ठी में मुख्य अतिथि होंगे सुप्रसिद्ध आलोचक डॉ ज्योतिष जोशी (नई दिल्ली) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं प्रो शिवनंदन सिन्हा (हजारीबाग)। 'शब्द' के कार्यक्रम संयोजक श्रीकांत शर्मा ने बताया कि होली के महीने में आयोजित होने वाली इस रचनागोष्ठी को लेकर 'शब्द' के सदस्य काफी उत्साहित हैं। जानकारी के अनुसार रचनागोष्ठी के उपरांत रचनाकार फूलों की होली भी खेलेंगे।



# आचार्यश्री विमलसागर से मिले मैसूरुवासी, हुई चातुर्मास विषय पर चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मैसूरु से जैन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं कल्याणमित्र वर्षावास समिति के सदस्यों ने बेंगलूरु के चामराजपेट में विराजित आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी के दर्शन किए तथा आशीर्वाद लिया। ज्ञातव्य है कि आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी का आगामी चातुर्मास मैसूरु में होने जा रहा है। वर्षावास समिति के सदस्यों ने आचार्यश्री से चातुर्मास के संबंध में चर्चा की तथा जैन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निर्मित नए अस्पताल के उदघाटन हेतु मुहूर्त प्रदान करने का निवेदन किया। आचार्यश्री ने सभी बातों को सुनकर शुभ मुहूर्त में तारीखों की घोषणा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समिति के कांतिलाल चौहान, प्रवीण दांतेवाड़िया, वसंत राठौड़, भवरलाल लुंकड़ के साथ साथ बेंगलूरु के कमलेश भंसाली, महावीर भंसाली, मदन वेदमुथा, विक्रम भंसाली, सुरेश बागरेचा, गणपत कवाड, नरेंद्र बागरेचा, प्रवीण भंसाली आदि उपस्थित थे। समिति के सदस्यों ने बेंगलूरु के विभिन्न संघों को चातुर्मास प्रवेश पर शामिल होने का निवेदन किया।

# महिला दिवस के मौके पर स्वास्थ्य जांच शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेन्टर श्रीरामपुरम् में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं हेतु अष्ट दिवसीय 'फिट वुमेन' सप्ताह के तहत रियायती दर पर महिलाओं हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत संपूर्ण रक्त जांच, थाइरॉएड प्रोफाइल, कोलेस्ट्रॉल, कैल्शियम, मधुमेह, आयरन जैसे विभिन्न 44 रक्त जांच समावेश की गई। फिट वुमेन सप्ताह के दौरान 88 महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच करवाई एवं आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर रियायत दर पर थाइरॉएड फंक्शन टेस्ट में 12 महिलाओं ने लाभ लिया। शिविर में अर्थ सहयोग लक्ष्मीलाल, रोशनलाल, गणपतलाल, सिद्धार्थ कुमार, किरण कुमार कोठारी परिवार द्वारा किया गया। शिविर को सुव्यवस्थित आयोजन में एटीडीसी स्टॉफ दीपाश्री, स्मिता, स्नेहा, श्यामला, दीपा एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजुला गौड़ा का सम्पूर्ण सहयोग रहा। शिविर में परिषद से कमलेश गन्ना, राजेश देरासरिया, कमलेश चोरड़िया, जयंतीलाल गांधी, ललित मुणोत, सुनील मेहता ने अपनी सेवाएं दीं।



# जीवन की पूर्णता शिव शक्ति की मिलन का स्वरूप है : पुण्डरीक कृष्ण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। गांधीनगर स्थित सिंधी पंचायत में शिवरात्रि के मौके पर चल रही संगीतमय शिव कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को बालव्यास श्री पुण्डरीक कृष्णजी महाराज ने भगवान शंकर और माता पार्वती के वैवाहिक प्रसंगों को अपनी सुमधुर संगीतमय शैली में समझाया। उन्होंने भगवान शिवजी की बारात, मां मैनारानी का दूल्हे के विचित्र स्वरूप से भयभीत होना, बारातियों के रूप में शिवगणों द्वारा चुहलबाजी, विभिन्न भयानक रूप, शेषनाग की फुंफकार और शादी से सावधान होने का संकेत आदि विषयों पर विवेचना की।

उन्होंने कहा कि जीवन की पूर्णता शिव शक्ति का मिलन स्वरूप है। पति पत्नी गृहस्थी रूपी रथ के दो पहिए हैं। संतति और सद्गति की सार्थकता को सिद्ध करते हैं। गृहस्थी ही जीवन की पूर्णता है। हमारे आदर्श देव श्रीराम, श्रीकृष्ण, ब्रह्म, विष्णु ने दाम्पत्य जीवन को सार्थक किया। जीवन का शिव (कल्याण दाम्पत्य सुख में ही है। श्रीधाम वृंदावन के सद्गृहस्थ श्री रमाशंकर ने अपने विचार रखे। शिव की यह कथा मंदाकिनी 10 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक प्रवाहित होगी।



# पुन: ग्राहकों की सेवा में शुरु हुआ रामेश्वरम् कैफे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां व्हाइटफील्ड के ब्रुकफील्ड लेआउट स्थित रामेश्वरम कैफे 8 मार्च से पुन: लोगों की सेवा में शुरु होने जा रहा है। शुक्रवार को शाम सांसद पीसी मोहन, महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मंजुला अरविन्द लिंबावली और बृहद् बेंगलूरु होटल्स एसोसिएशन (बीबीएचए) के अध्यक्ष पी सी राव की उपस्थित में पूजा अर्चना के साथ शुरु किया गया।

द रामेश्वरम् कैफे के सहसंस्थापक एवं सीईओ दिव्या राघवेन्द्र राव ने बताया कि हाल ही में हुए बम विस्फोट के जवाब में, रामेश्वरम कैफे ने सार्वजनिक सुरक्षा की गारंटी के लिए सख्त सुरक्षा उपाय लागू किए हैं।

टीम ने भविष्य में जोखिमों को कम करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल और प्रक्रियाओं को बढ़ाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ परिश्रमपूर्वक काम किया है।

## मानव सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के राजस्थान परिषद् के सदस्यों ने मासिक सेवा उपक्रम के तहत महाशिवरात्रि के मौके पर केंगेरी स्थित गुरुकुल विद्यापीठ में कमलेश भरत डूंगरवाल परिवार के सौजन्य से निराश्रित बच्चों के लिए भोजन का प्रबंध किया। इस मौके पर मासिक सेवा संयोजक दीपक गोठी, मंत्री विनय बैद, मोहित बोथरा आदि ने सहयोग दिया।

## जलाभिषेक



बेंगलूरु में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के मौके पर सुबह से ही भगवान शंकर के मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भीड़ लगी रही। श्रद्धालु भगवान शंकर को जल, दूध, दही, गंगाजल से अभिषेक कर विल्व पत्र और पुष्प अर्पित कर अपने आप को धन्य मान रहे थे। मंदिरों में विशेष अंलकार किया गया। जगह जगह पर अन्नदान ठंडाई एवं छाछ का वितरण किया गया।

# रामेश्वम कैफे विस्फोट : एनआईए और अपराध शाखा ने कपड़ा व्यापारी को हिरासत में लिया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । यहां रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट मामले की जांच कर रहे राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण और केंद्रीय अपराध शाखा ने बेल्लारी के कौल बाजार के एक कपड़ा व्यापारी को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जांच दल को संदेह है कि हिरासत में लिया गया कपड़ा व्यापारी इस साजिश का हिस्सा था और वह प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का सदस्य भी है। सूत्रों ने बताया कि इसी बीच जांच दल को यह पता चला है कि जिस व्यक्ति ने एक मार्च को रामेश्वरम कैफे में बम रखा था, उसने बेंगलूरु से तुमकुरु, बेल्लारी, बीदर और फिर भटकल की यात्रा की थी।



# बसवनगुड़ी में महिला दिवस पर किया महिलाओं का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद बेंगलूरु शाखा की सदस्याओं ने बसवनगुड़ी स्थित जिनकुशलसूरि जैन आराधना भवन में साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी की निश्रा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला उत्सव का आयोजन किया जिसमें बैंड मंडल स्नात्र पूजा, तपस्वियों का सम्मान किया। परिषद की अध्यक्ष आरती जैन ने सभी उपस्थित महिलाओं का स्वागत करते हुए महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। परिषद की मंत्री रेखा चोपड़ा ने कार्यक्रमों की जानकारी दी। यह जानकारी परमेश्वरी संखलेचा ने दी।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com